26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 3 फरवरी, 2026

अंक- 101 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## सुप्रीम कोर्ट का यूजर प्राइवेसी पर बड़ा आदेश...

### व्हाट्सऐप से कहा- मेटा से शेयर ना करें यूजर का डेटा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** व्हाट्सएप और मेटा की प्राइवेसी पॉलिसी मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया है। कोर्ट ने साफ किया कि डेटा शेयरिंग की ये प्रक्रिया भारतीय यूजर्स के निजता के अधिकार के खिलाफ है. हालांकि, सीसीआई के वकील ने एनसीएलएटी के कुछ निष्कर्षों पर आपत्ति जताई है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने व्हाट्सएप को निर्देश देते हुए कहा, हम आपको मेटा के साथ एक भी जानकारी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम आपको इस देश की नीतियों की गोपनीयता के साथ खेलने की इजाजत कतई नहीं देंगे। इस पूरे प्रकरण में कोर्ट के सामने तीन मुख्य अपीलें थीं, जो मेटा, व्हाट्सएप और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से दायर की गई थीं। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने इन अपीलों का पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान मेटा के वकील ने दलील दी कि कोर्ट के आदेश के मुताबिक 213 करोड़ रुपये के जुर्माने का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

# रूस से नहीं, वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत

## बदले में अमेरिका ने टैरिफ घटाया, ट्रंप ने फिर मोदी को फ्रेंड बताया

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क 'शून्य' करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, और बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 'तत्काल प्रभाव से' आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए श्री मोदी को अपना 'सबसे अच्छा मित्र' बताते हुए लिखा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवत: वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गये हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से भारतीय उत्पादों पर प्रतिवर्ती आयात शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत 'अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क और आयात



बाधाओं को घटाकर शून्य' कर देगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि श्री मोदी इस बात पर सहमत हुए कि भारत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी उत्पाद खरीदने के अलावा अमेरिका से आयात बढ़ायेगा। अमेरिका की कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंस ने इस समझौते की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इससे भारत के विशाल बाजार में अमेरिकी कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ेगा, जिससे दाम बढ़ेंगे और अमेरिका के ग्रामीण इलाकों में आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि भारत के साथ कृषि व्यापार में साल 2024 में अमेरिका का व्यापार घाटा 1.3 अरब डॉलर था। अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारत की बढ़ती आबादी एक महत्वपूर्ण बाजार है और इस घाटे को कम करने में आज के व्यापार समझौते की दूरगामी भूमिका होगी।

## बंगाल से दिल्ली तक ईडी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह पश्चिम बंगाल और दिल्ली में कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई अवैध रेत और कोयला तस्करी के मामलों की जांच के सिलसिले में की गई। सुबह करीब 6:30 बजे से दिल्ली, कोलकाता, आसनसोल, दुर्गापुर और पश्चिम बर्धमान जिले के कई इलाकों में तलाशी शुरू हुई। छापेमारी के दौरान केंद्रीय सशस्त्र बलों के जवान भी मौजूद थे। जिन जगहों पर छापेमारी की गई, उनमें बुदबुद थाना के नए नियुक्त प्रभारी (ओसी) मनोरंजन मंडल का घर भी शामिल है। वह अभी औपचारिक रूप से पदभार नहीं संभाल पाए थे। इससे पहले, वह बराबनी थाना में तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों में निलंबित किए गए थे और बाद में आसनसोल पुलिस स्पेशल ब्रांच से जुड़े थे।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर विपक्ष का हंगामा

भारत और अमेरिका के बीच डील को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया। विपक्ष ने इस पर चर्चा की मांग की। हंगामे को लेकर नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि अच्छे काम में भी कांग्रेस को सिर्फ बुराई दिखती है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि हम हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उधर, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर ट्रंप के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया। बाद में कांग्रेस के सदस्य राज्यसभा से वॉकआउट कर गये।

## एनडीए संसदीय दल की बैठक, मोदी का स्वागत


अमेरिका से ट्रेड डील पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एनडीए की संसदीय दल की बैठक में स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा कि यह अद्भुत और ऐतिहासिक है। ससंदीय दल ने प्रधानमंत्री मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female

मैकेनिक Male

E&periance Minimum 1 Years

(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बिजनौर में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

## मौसम चौधरी ने की अध्यक्षता, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे मुख्य अतिथि







**बिजनौर ( चिंगारी )**। क्रीड़ा भारती बिजनौर के तत्वावधान में सूर्य सप्तमी के अवसर पर नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट मौसम चौधरी ने की, जबकि क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि युवा प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करें तो इससे मन शांत, शरीर मजबूत और स्वस्थ रहता है तथा जीवन के सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संकल्प सिद्धि का इससे सरल मार्ग कोई नहीं है। खेलों से व्यक्ति के स्वास्थ्य का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत और फिट इंडिया के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि इसी दिशा में आगे बढ़कर देश विश्व पटल पर अग्रणी बनेगा और दुनिया को शांति का संदेश देगा।

कार्यक्रम का संचालन वर्षा ने किया। इस दौरान क्रीड़ा भारती के प्रांत सह मंत्री ललित राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, पालिकाध्यक्ष इन्दिरा सिंह, प्रशांत महर्षि, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष प्रदीप चौहान, चंचल ढाका, नवदीप चौधरी, अरविंद अहलावत, संजय चौधरी, कबड्डी स्टार राहुल चौधरी, दीपक गर्ग मोनू, संजीव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाकियू ने दिया धरना



**बरूकी ( चिंगारी )**। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की क्षेत्रीय इकाई द्वारा बरूकी बस स्टैंड पर सांकेतिक धरना शुरू किया गया। धरना स्थल पर मौजूद भाकियू नेताओं ने शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा करने और समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। धरने के दौरान भाकियू नेताओं ने पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर बरूकी बस स्टैंड के पास फ्लाईओवर के दोनों ओर नहर पर सर्विस रोड का निर्माण तत्काल शुरू कराने, दुर्घटनाओं को दावत दे रही पुरानी पुलिस चौकी को हटाने, बंदरों एवं आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा द्वारा ग्राहकों की पासबुक में नियमित एंट्री किए जाने जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष विनीत मौर्य ने बताया कि एनएचएआई अधिकारियों से फोन पर हुई वार्ता में उन्हें आश्वासन दिया गया है कि नहर पर सर्विस रोड निर्माण का कार्य 9 फरवरी से प्रारंभ कर दिया जाएगा और जल्द ही पुरानी पुलिस चौकी को तोड़कर रास्ता ठीक किया जायेगा। धरने की अध्यक्षता अब्दुल मजीद ने की, जबकि संचालन चौधरी धर्मवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर बृजेश कुमार, मोमिन खान, बनवारी लाल, नरपाल सिंह, रमेश कुमार, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाई गई रविदास जयंती, मुराहट में शेरबाज पठान ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ



**चांदपुर ( चिंगारी )**। क्षेत्र में अनेक स्थानों पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। क्षेत्र के ग्राम मुराहट में पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री पठान ने संत गुरु रविदास के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। ईश्वर दयाल, पवन कुमार फौजी, जयपाल सिंह, रवि कुमार, नेपाल सिंह, विशम्बर प्रधान, मोहित कुमार, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा शेरबाज पठान को फूल मालाओं से स्वागत किया गया। क्षेत्र के ग्राम बहमनशोरा में अरविन्द केजरीवाल ने पंचशील का झंडा दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार, चन्द्रपाल सिंह,गेम सिंह, अनिल कुमार, डा. संजीव कुमार, आदि मौजूद रहे। ग्राम चेहला में भी बैंड बाजे व झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर भोपाल सिंह कटारिया,कालू सिंह, अवनीश कुमार,सोनू कुमार, धर्मवीर सिंह, प्रेमराज सिंह, रमेश सिंह, नौबहार सिंह,राम सिंह,पतराम सिंह, महेन्द्र सिंह, जगजीवन राम, चन्द्रपाल सिंह, राहुल कुमार, कोमल सिंह, अमित कुमार, पवन कुमार, कपिल कुमार फत्तू सिंह आदि मौजूद रहे।

# शादी से इंकार करने पर की थी प्रेमी ने प्रीति रावत की हत्या

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** शिवाजी नगर में गोली मारकर युवती की हत्या का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर कर दिया, जिसमें हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मालूम हो कि बच्चन सिंह रावत पुत्र स्व. खुशाल सिंह रावत निवासी ग्राम धारी यमकेश्वर पट्टी पौड़ी गढ़वाल द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उनकी पुत्री प्रीति रावत को अभियुक्त सुरेश गुप्ता द्वारा विगत काफी समय से जबरन शादी करने के लिए धमकाया व परेशान किया जा रहा था। उनकी पुत्री प्रीति रावत द्वारा अभियुक्त की बात नहीं मानने पर 31 जनवरी 26 की रात्रि अभियुक्त द्वारा प्रीति रावत की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। वादी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर 02 फरवरी को पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह द्वारा स्वंय ऋषिकेश में उपस्थित रहकर सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी, ऋषिकेश के पर्यवेक्षण में थाना स्तर, एस.ओ.जी. तथा जनपद के पुलिसकर्मियों की टीमें गठित की गयी। गठित टीमों द्वारा घटना स्थल के आसपास, प्रवेश एंव निवास आदि स्थानों पर समस्त सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर से प्राप्त सूचनाओ आदि के आधार पर अभियुक्त का घटना के बाद प्रदेश से बाहर फरार होना पाया गया। गठित टीमों को देश के विभिन्न सम्भावित स्थानो पर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु रवाना किये गये।

प्राप्त हो रही सूचनाओं के आधार पर अभियुक्त सुरेश गुप्ता को छुटमलपुर (सहामपुर) उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर घटित जघन्य अपराध का अनावरण किया गया। अभियुक्र सुरेश गुप्ता पुत्र स्व. लालामल गुप्ता हाल निवासी आवास विकास कालोनी, ऋषिकेश मूल निवासी ग्राम दरगाहपुर, थाना लक्सर, जिला हरिद्वार ने बताया कि कुछ समय पूर्व से उसके प्रीति रावत के साथ प्रेम सम्बन्ध थे। वह उससे शादी करना चाहता था। प्रीति व उसके परिवार द्वारा भी हमारी शादी का आश्वासना दिया गया था, जिस कारण उसने अपनी पत्नी से तलाक ले लिया था। कुछ समय बाद प्रीति रावत द्वारा शादी करने से इन्कार किया जाने लगा। 31 जनवरी की रात्रि में लक्सर से खरीदे तमंचे से प्रीति रावत के कमरे में जाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

# मुख्यमंत्री के जनता दरबार के बाहर वीडियो बनाकर वायरल किया

बिजनौर ( चिंगारी )। नगर के एक मशहूर सरिया कारोबारी के परिवार का मामला आजकल सुर्खियों में है। कारोबारी की पुत्रवधू ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसका पति धोखेबाज है, दूसरी महिलाओं से उसके संबंध हैं, वह उसे परेशान करता है। महिला ने अपने ससुर पर भी गंभीर आरोप लगाया है। अब महिला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के जनता दरबार कार्यक्रम के बाहर का है। महिला का कहना है कि उसे अपने ससुर और पति दोनों से जान का खतरा है। पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। महिला का कहना है कि भय और दबाव के चलते वह लगातार मानसिक तनाव में है। उसने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उसकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बिजनौर में 5 व 6 फरवरी को होगा औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन

## जिले के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमियों को मिलेगी पहचान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में 5 व 6 फरवरी को औद्योगिक प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लि. बिजनौर द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन इंडस्ट्रियल एरिया शुगर मिल के सामने नगीना रोड बिजनौर में किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष अभिषेक गोयल व सचिव अमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य जनपद बिजनौर के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सम्मान एवं जनपद स्तर से शासन स्तर तक अपने उद्योग की पहचान दिलाना है। 'मेरा जनपद, मेरे उद्योग..मेरा गौरव' शीर्षक से आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पाद, नवाचार और क्षमताओं को प्रदर्शित करने हेतु मंच प्रदान किया जायेगा। औद्योगिक प्रदर्शनी की युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# एडीएम ने किया पालिका का औचक निरीक्षण

## गौशाला की व्यवस्थाओं को भी देखा

**नहटौर ( चिंगारी )। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने नहटौर नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया। गौशाला पहुंचकर उन्होंने स्थलीय निरीक्षण भी किया।**

सोमवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित नहटौर नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने पालिका के द्वारा कराये जाने विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जलकर, गृह कर, राजस्व वसूली, सड़को के निर्माण आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली। पालिका कार्यालय निरीक्षण के उपरांत अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित गौशाला में पहुंची, जहां पर उन्होंने गौवंश के रखरखाव एवं उनके चारे की व्यवस्थाओं को देखा और पालिका प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी द्वारा पालिका द्वारा कराये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## बेघर लोग और शेल्टर

हाल में दिल्ली में बहुत दर्दनाक हालत में दो बेघर व्यक्तियों की मौत के साथ ही सर्द रातों में बेघर लोगों को पर्याप्त आश्रय उपलब्ध करवाने के दावों की पोल खुल गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार एक दशक में शहरी बेघर लोगों की संख्या में 21 फीसद की वृद्धि हुई है। चार शहरों कानपुर, कोलकाता, दिल्ली व मुम्बई में बेघर लोगों की संख्या सबसे अधिक है। दिल्ली हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट दोनों की ओर से बेघर लोगों के लिए आश्रय व खाद्य की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। हकीकत यह है कि जहां दिल्ली में पिछले 10 से 15 वर्षों के दौरान बेघर लोगों की स्थिति में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए हैं, फिर भी अभी उनके बचाव की जो व्यवस्था है, वह अपर्याप्त है। अभी जितने आश्रय स्थल या शेल्टर बने हैं, वे कुल बेघर लोगों की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त हैं। उनमें से कुछ अनुकूल स्थान पर नहीं हैं, जिसके कारण सीमित आश्रयों का भी भरपूर उपयोग नहीं हो पाता है। यदि इन स्थानों तक बेघर लोगों को पंहुचाने की कोई व्यवस्था हो तो इन आश्रय स्थलों का बेहतर उपयोग हो सकता है। इसके अतिरिक्त बहुत से बेघर लोग मौजूदा व्यवस्था में शेल्टरों का उपयोग करने की स्थिति में नहीं है। ठेले वालों, रिक्शाचालकों आदि को अपने ठेले व रिक्शे की चिंता होती है, अत: जहां ठेले व रिक्शे होते हैं, वे रात को वहीं सो जाते हैं। कुछ बेघर अपने समूह में रहना चाहते हैं। महिलाओं के लिए बहुत कम शेल्टर हैं। जो परिवार शेल्टर में एक साथ रहना चाहते हैं, वे परिवार की इकाई के रूप में मौजूदा शेल्टरों में एक साथ रह नहीं सकते हैं। अत: बेघरों के प्रति नीति इस तरह की होनी चाहिए जिसमें पर्याप्त लचीलापन हो। जहां शेल्टर की जरूरत है, वहां शेल्टर की व्यवस्था हो, पर जहां बेघर लोग अपने स्तर पर कंबल व गर्म कपड़ें आदि की सहायता चाहते हैं, वहां इस रूप में मदद की जा सकती है। इसके अतिरिक्त वृद्ध व असहाय बेघरों के लिए गर्म भोजन की व्यवस्था भी आवश्यक है। यह व्यवस्था विशेष तौर पर जरूरतमंद असहाय व्यक्तियों के लिए ही होनी। सभी बेघरों के लिए नहीं अन्यथा निर्भरता बहुत बढ़ जाएगी। वैसे भी वृद्ध लोगों की जरूरत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# असद रज़ा

# उर्दू पत्रकारिता का 'नगीना' और 'तन्ज़ांचा' के अमर सृजक

महाराजा भरत और महारानी शकुंतला की अमर प्रेम कहानी की भांति यहां का साहित्य भी अमर अजर और अनमोल है। साहित्य जगत में जनपद बिजनौर का जो मान डिप्टी नजीर अहमद, अब्दुल रहमान बिजनौरी, सज्जाद हैदर यलदरम, रूस्तम बिजनौरी, अकबर शाह नजीबाबादी, कुर्रतुल ऐन हैदर, रिफ्त सरोश आदि ने बढ़ाया, उसकी मिसाल ढूंढ लाना लगभग नामुमकिन है। वर्तमान परिपेक्ष में इस विरासतन को जिन चंद क़लमकारों ने पूरी शिद्दत से आगे बढ़ाया, उनमें असद रज़ा का नाम सबसे नुमाया है। इनका जन्म 2 जनवरी 1952 में बिजनौर के निकट एक छोटे से गांव पेदा में हुआ था, इन्हें किसी एक दायरे में बांधना मुमकिन नहीं। वे एक साथ पत्रकार, शायर, व्यंग्यकार, अनुवादक और संपादक थे। उनका 01 फरवरी 2026 को 74 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया। यह उर्दू जगत और बिजनौरी साहित्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है।



असद रज़ा साहब के साथ मेरी यादें लगभग बीस वर्ष पुरानी हैं। वह दौर था जब 'उर्दू दैनिक राष्ट्रीय सहारा' में स्ट्रिंगर की आवश्यकता का विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। मुझ जैसे कई उत्साही युवाओं ने प्रार्थना-पत्र दिये और हमें साक्षात्कार के लिए सहारा के नोएडा स्थित कार्यालय बुलाया गया। मुझे आज भी वह दृश्य स्पष्ट याद है- साक्षात्कार कक्ष से बाहर निकलने वाले उम्मीदवारों के चेहरों पर मायूसी थी। अंदर चयनकर्ताओं की मेज पर राष्ट्रीय सहारा के ग्रुप एडिटर अज़ीज़ बर्नी साहब और असद रज़ा साहब बैठे थे।

जब मेरी बारी आई और मैं साक्षात्कार की टेबल पर बैठा, तो असद रज़ा साहब ने अपनी पारखी नज़रों से मुझे देखा। उनका पहला प्रश्न मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि से जुड़ा था। उन्होंने पूछा, 'उस महान व्यक्तित्व का नाम बताइए जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में नगीना का नाम सर्वाधिक रोशन किया' खुदा का शुक्र था कि मुझे जवाब मालूम था। मेरे सटीक उत्तर से वे संतुष्ट हुए और मुस्कुराते हुए अज़ीज़ बर्नी साहब की तरफ इशारा कर बोले, 'हम इन्हें नगीना से काम करने का मौका दे सकते हैं।' वह मेरी उनसे पहली मुलाकात थी, जिसमें उन्होंने अपनी सहजता और पारखी सोच से मुझे अपना बना लिया। यह सिलसिला अंत तक जारी रहा। बिजनौरी पत्रकारों के लिये वह राष्ट्रीय सहारा में सबसे बड़े संरक्षक और पैरोकार थे।

असद रज़ा साहब की पत्रकारिता का सफर बेहद दिलचस्प रहा। अंग्रेजी और उर्दू में एम.ए. और फिर बी.एड. करने के बाद उन्होंने कुछ समय अध्यापन किया, लेकिन भीतर का पत्रकार उन्हें बेचैन रखता था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत तत्कालीन सोवियत संघ (USSR) के प्रेस सेक्शन में बतौर संपादक की। 'सोवियत जायजा' से शुरू हुआ यह सफर आगे चलकर दिल्ली के प्रसिद्ध साप्ताहिक 'नई दुनिया' तक पहुंचा।

1991 में वे 'राष्ट्रीय सहारा' परिवार का हिस्सा बने और यहां से मानों उनकी प्रतिभा को एक खुला आसमान मिला। अज़ीज़ बर्नी का उन पर अटूट विश्वास था, वे उन्हें अपना भाई मानते थे। जब बर्नी साहब संस्थान से अलग हुए, तो अख़बार के स्तर को बनाए रखने की बड़ी चुनौती असद साहब के कंधों पर आई। उन्होंने 'राष्ट्रीय सहारा' (दैनिक), 'आलमी सहारा' (साप्ताहिक) और 'बज़्म-ए-सहारा' (मासिक) के माध्यम से उर्दू पत्रकारिता को नई ऊंचाइयां दीं। उनका नियमित कॉलम 'तलखियां' सत्ता के गलियारों से लेकर समाज की कुरीतियों तक पर करारा प्रहार करता था।

साहित्य के क्षेत्र में असद रज़ा का सबसे बड़ा योगदान 'तन्ज़ांचा' का आविष्कार है। जिस तरह अफसाने से 'अफसांचा' (लघु कथा) बना, उसी तरह असद साहब ने आधुनिक युग की व्यस्तता को देखते हुए व्यंग्य के बेहद संक्षिप्त रूप 'तन्ज़ांचा' को जन्म दिया। प्रोफेसर शहपर रसूल और प्रोफेसर ख्वाजा इकराम जैसे विद्वानों ने उन्हें आधिकारिक तौर पर इस विधा का 'मौअज्जिद' (आविष्कारक) स्वीकार किया।

उनका लेखन केवल बड़ों तक सीमित नहीं था। वे उन विरले साहित्यकारों में से थे जिन्होंने बाल साहित्य को उतनी ही गंभीरता से लिया। उनकी कहानी 'चांद नगर की सैर' को पश्चिम बंगाल सरकार ने छठी कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया। उन्हें बच्चों के साहित्य के लिए ही देश का प्रतिष्ठित 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' प्रदान किया।

असद रज़ा साहब की लेखनी से अनेक किताबें निकलीं, जिनमें 'आइने एहसास के' 'शहर-ए-एहसास,' शोखी-ए-क़लम, अदबी अस्पताल, शोषे,नन्हे-मुन्नों की सरकार, करकटी मुशायरा, हैं नुमाइश खाना,उल्लू नामा, उनके अप्रकाशित अफसानों का संग्रह है।

उन्हें 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया, जिनमें यूपी उर्दू अकादमी का 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' और गालिब अवार्ड प्रमुख हैं। मेरठ की चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में उनकी व्यंग्य कला पर एम.फिल का शोध हो चुका है।

हाल ही में उम्राह की सआदत हासिल कर लौटने के बाद, दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में उन्होंने अपनी अंतिम सांसें लीं। जनपद बिजनौर का वह 'रौशन चिराग' जो दिल्ली की पत्रकारिता के आकाश पर ध्रुव तारे की तरह चमकता था, हमेशा के लिए खामोश हो गया। उनका निधन न केवल उनके परिवार (पुत्र और दो पुत्रियों) के लिए, बल्कि समूचे उर्दू जगत और उन तमाम पत्रकारों के लिए व्यक्तिगत क्षति है, जिन्हें उन्होंने उंगली पकड़कर चलना सिखाया।



**परवेज़ आदिल माही**

### असद रज़ा की यह मशहूर ग़ज़ल आज के दौर की कड़वी सच्चाई को बयान करती है

**उनको नफ़रत से मोहब्बत है खुदा ख़ैर करे**
**बस मोहब्बत से ही नफ़रत है खुदा ख़ैर करे**

**खोले बैठे हैं वो मसलक की दुकानें हर सू**
**हाय मजहब में खयानत है खुदा ख़ैर करे**

**वो इलेक्शन में भी इन्वेस्ट किया करते हैं**
**लीडरी उनकी तिजारत है खुदा ख़ैर करे**

**जिनको अक्सर में दिया करता हूं दावत घर पर**
**उनको ही मुझसे अदावत है खुदा ख़ैर करे**

**चमचागीरी किसी अफसर की मिनिस्टर की 'असद'**
**आज कल ऐन सआदत है खुदा ख़ैर करे**

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जनपद में 5 से 15 फरवरी तक रहेगा रूट डायवर्जन

## एएसपी सिटी डा.कृष्णगोपाल सिंह बनाये गये कांवड़ यात्रा के नोडल




**बिजनौर ( चिंगारी )।** फाल्गुन माह कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 5 फरवरी प्रातः 8 बजे से 15 फरवरी रात्रि 12 बजे तक व्यापक यातायात रूट डायवर्जन लागू किया गया है। जिले में कांवड़ यात्रा को लेकर यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं। पांच से 15 फरवरी तक जिले के प्रमुख मार्गों पर भारी, हल्के और मध्यम वाहनों का रूट डायवर्जन लागू रहेगा। 15 फरवरी को शिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा, जबकि 05 फरवरी से ही शिवभक्त गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार रवाना होना शुरू कर देंगे, जिसको लेकर कांवड़ियों की भारी आवाजाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यह व्यवस्था की है।

कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह को यातायात नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद की सीमा में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल आवश्यक वस्तुओं, खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम, गैस एवं मेडिकल सप्लाई से जुड़े वाहनों को रात्रि 11 बजे से सुबह 4 बजे तक थाना मोबाइल एस्कॉर्ट के साथ प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

### ये रूट किये गये हैं निर्धारित

बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले सभी हल्के व भारी वाहन गंगा बैराज, मोंटी तिराहा (मीरापुर), मुजफ्फरनगर होते हुए जाएंगे। वहीं कांवड़ियों के वाहन बिजनौर-मंडावर चौराहा, मंडावर, नांगल, मंडावली, भागूवाला, चिड़ियापुर मार्ग से हरिद्वार जाएंगे। पौड़ी जाने वाले हल्के वाहन किरतपुर, जलालाबाद, नहर बाईपास (नजीबाबाद), कोटद्वार होकर जाएंगे। पौड़ी जाने वाले भारी वाहन मुजफ्फरनगर, गंगा बैराज, जलालाबाद, नहर बाईपास से होकर कोटद्वार पहुंचेंगे।

मुरादाबाद/काशीपुर से आने वाले भारी वाहन संभल, अनूपशहर, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर होकर जाएंगे। मुजफ्फरनगर/हरिद्वार से मुरादाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन मेरठ, हापुड़, संभल होते हुए जाएंगे।

### मेरठ से हरिद्वार जाने वाले वाहनों के लिए

मेरठ की ओर से बिजनौर होते हुए हरिद्वार जाने वाले सभी हल्के एवं भारी वाहन मोंटी तिराहा (मीरापुर), जानसठ, मुजफ्फरनगर होकर हरिद्वार जाएंगे। वहीं बिजनौर-मंडावर,बालावाली, लक्सर, रुड़की मार्ग पर भारी एवं मध्यम वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### इन मार्गों से चलेंगी रोडवेज बसें

बिजनौर से मुरादाबाद रोडवेज बसें हल्दौर, नहटौर, धामपुर, शेरकोट, अफजलगढ़, काशीपुर, जसपुर होकर चलेंगी। बिजनौर से मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली, देहरादून जाने वाली बसें गंगा बैराज मार्ग से संचालित होंगी।

बिजनौर से नजीबाबाद से हरिद्वार जाने वाली बसें गंगा बैराज, मीरापुर, मुजफ्फरनगर होकर जाएंगी, वापसी चिड़ियापुर, समीपुर नहर पटरी से होगी। चांदपुर, अमरोहा, कोटद्वार, नूरपुर रूट की बसें पूर्ववत मार्ग से चलेंगी।

### हल्के वाहनों के लिए रहेंगे ये रूट

बिजनौर से मुरादाबाद जाने वाले हल्के वाहन नूरपुर-छजलैट मार्ग से जाएंगे। बिजनौर से हरिद्वार, कोटद्वार, पौड़ी, चांदपुर, स्योहारा, नूरपुर, नहटौर, धामपुर सहित अन्य दिशाओं के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। नजीबाबाद, नगीना, चांदपुर, धामपुर क्षेत्रों से आवागमन के लिए भी वैकल्पिक रूट लागू रहेंगे।

### इन मार्गों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

मंडावली, मोटा महादेव, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा, सहसपुर मार्ग। बिजनौर-चांदपुर, बिजनौर-नूरपुर, बिजनौर-हरिद्वार मार्ग। चिड़ियापुर बॉर्डर से भागूवाला चौकी तक का मार्ग। बिजनौर, मंडावर, बालावाली, लक्सर रुड़की मार्ग (कांवड़ियों के वाहनों को छोड़कर)।

### यहां रहेगी पार्किंग व्यवस्था

**फाल्गुन माह कांवड़ मेला के दौरान मोटा महादेव मंदिर के सामने आम के बाग में श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है।**

### समन्वय के लिए संपर्क नंबर जारी

हरिद्वार, कोटद्वार, काशीपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा सहित अन्य जनपदों के यातायात पुलिस एवं थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, ताकि आपसी समन्वय बना रहे।

### गन्ना वाहनों के लिये विशेष व्यवस्था

वर्तमान में चल रहे गन्ना पेराई सत्र को देखते हुए गन्ना ढुलाई में लगे वाहनों को रात्रि 11 से सुबह 4 बजे तक थाना मोबाइल एस्कॉर्ट के साथ निकाला जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर दिन में भी एस्कॉर्ट के साथ पास कराया जा सकता है।

# डीएम ने अंबेडकर छात्रावासों का निरीक्षण किया

## सफाई व फर्नीचर की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर तहसील बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत दो अम्बेडकर छात्रावासों का औचक रूप से निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम तिमरपुर स्थित अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां सफाई व्यवस्था समुचित न पाए जाने पर उन्होंने तत्काल वहां पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। तदुपरांत उनके द्वारा ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया तथा यहां भी सफाई व्यवस्था सुचारु न पाए जाने पर उन्होंने संचालक को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान रखें और नियमित रूप से छात्रावासों की सफाई का बंदोबस्त करें। इसके अलावा उन्होंने दोनों छात्रावासों में फर्नीचर सही न पाए जाने पर निर्देशित किया कि छात्रावास में मानक के अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था करें ताकि यहां प्रवास करने वाले छात्रों को कोई दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निरीक्षण करते हुए यह भी निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत दोनों छात्रावास में पीआरडी के जवानों को तैनात करें ताकि अवांछित तत्व छात्रावास में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को अंजाम न दे सकें। प्रवासी छात्रों द्वारा जिलाधिकारी से विद्युत व्यवस्था की शिकायत करने पर उन्होंने निर्देश दिये कि छात्रावास में बिजली की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए तथा गर्मी में यथासंभव इनवर्टर की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# घर में लगी भीषण आग, सारा सामान जलकर राख

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला नई बस्ती में शनिवार की शाम को एक मकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया, साथ ही 50 हजार रुपये भी जल गए। मुहल्ला निवासी बाला देवी पत्नी स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार के मकान में यह हादसा शाम को करीब 6:30 बजे हुआ। बताया जाता है कि बाला देवी ने अपने बेटे की शादी के लिए घर में काफी सामान इकट्ठा कर रखा था, जो आग लगने से पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के समय बाला देवी घर पर अकेली थी। उनके दोनों बेटे नोएडा में नौकरी करते हैं और इकलौती बेटी की शादी हो चुकी है। बाला देवी घर में ही एक छोटी परचून की दुकान चलाती हैं। घटना के वक्त वे दुकान पर बैठी हुई थीं। बाला देवी के अनुसार शाम को करीब 6:30 बजे उन्होंने कमरे में रखी मूर्ति के सामने दीया जलाया था और वे दुकान पर आ गई थीं। आशंका जताई जा रही है कि दीये से ही आग लगी होगी, जिसने देखते ही देखते पूरे कमरे को चपेट में ले लिया। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर का अधिकांश सामान जल चुका था।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल में हुआ क्लास शो का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बाल वाटिका के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना रहा।

अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन किया। उसके बाद दिल है छोटा सा ग्रुप डांस, सोलो डांस इत्ती सी हंसी, बैंड टीम का प्रदर्शन, योगा, फैंसी ड्रेस शो, हिंदी लघु नाटिका सोशल मीडिया, कविता पाठ, हरे-भरे वृक्ष और पॉलीबैग्स, हिंदी और अंग्रेजी कहानी, बम-बम बोले ग्रुप डांस, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, गीतांजलि सिंह, स्वाति मालिक, ममता ओलिहान, विनीता वर्मा, रश्मि वर्मा, एकता शर्मा, गीता खन्ना, अंशिका, पारुल, निधि, सोनम, महिमा, संजना, खुशबू, दीक्षा एवं रानी का पूर्ण सहयोग रहा।

# ग्रामों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत रविदास जयंती



शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह।



शोभायात्रा में शामिल ब्रह्मपाल सिंह।




शोभायात्रा का स्वागत करते हंगामा लोक संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती क्षेत्र के गांवों में ग्रामीणों द्वारा परंपरागत रूप से धूमधाम के साथ मनाई गई।

ग्राम जैतरा में हरिजन बस्ती से निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति आदित्य वीर सिंह, सतीश चौहान व समिति के पदाधिकारी ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा ग्राम नौरंगाबाद जीतनपुर पुराना धामपुर, नया गांव, भगवानवाला, रामठेरा, खानू जट, करनावाला, मंधौरा आदि में भी संत रविदास जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। श्री ब्रह्मपाल सिंह पूर्व मंडल प्रभारी बहुजन समाज पार्टी बिजनौर ने कहा कि संत गुरु रविदास ने जीवन पर्यंत छुआछूत, जाति पांति, रुढ़िवादी परंपराओं, कुरीतियों का घोर विरोध किया। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें संत रविदास जी की झांकी के साथ अखाड़े के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## जगह-जगह निकाली गई शोभायात्राएं

ग्राम नया गांव में ब्रहमपाल सिंह, अरविंद कुमार, ज्ञानेश्वर, मयंक, मिलिंद, दिव्यांशी, महेश्वरी, पवन कुमार, गिरधारी सिंह, रामकिशन, बबलू, राजेंद्र सिंह, बेगराज, प्रवीण सिंह, लाल सिंह, प्रकाश, शेर सिंह एवं भगवान वाला में धर्म वीर सिंह, रोहताश, रामठेरा में अरविंद कुमार, चुन्नी आदि खानूजट में आकाश, करना वाला में दयाराम मधौरा में अर्जुन सिंह ने कार्यक्रम में भाग लिया।

हंगामा लोक सामाजिक समिति के संरक्षक जितेंद्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राजेंद्र शर्मा, शशि बाला शर्मा, संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक ने गुरु रविदास एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर धर्मशाला औरंगाबाद के अध्यक्ष संतराम सिंह, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, सचिव रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष फूल सिंह, चंद्रपाल सिंह को सम्मानित किया व शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर एसडीएम ने दिये दिशा निर्देश



स्मृति मिश्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** उप जिलाधिकारी धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा ने आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न मार्ग से गुजरने वाली कांवर यात्रा के रूटों की साफ सफाई, पथ प्रकाश, पेयजल आपूर्ति एवं कांवर्ती सेवा शिविरों की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि आगामी महाशिवरात्रि पर्व और होली को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान शिव भक्त कावरतियों की सेवा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारी और विभाग अपनी अपनी ड्यूटी को गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें।

# मन चंगा तो कठौती में गंगा...

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई रविदास जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना के पश्चात समस्त स्टाफ द्वारा रविदास जी के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। आचार्य भूपेंद्र कुमार ने बताया कि रविदास जी का जन्म माघ शुक्ल पूर्णिमा को हुआ था। उन्होंने रविदास जी की गंगा मैया को अपनी कोड़ी भेंट स्वरूप समर्पित करने की घटना का मार्मिक ढंग से प्रस्तुतीकरण कर बताया कि जो मन चंगा तो कठौती में गंगा। अपने खेत से जब समस्त चराचर में रविदास जी ने एक ही परब्रह्म के दर्शन किये, तो उन्होंने खेतों का दाना खा रही चिड़ियों को नहीं भगाया तथा कहा कि राम की चिड़िया राम का खेत, खाओ चिड़िया भर भर पेट। विद्यालय में प्रथम कक्षा के भैया विद्युत यादव संत रविदास के वेश में विद्यालय आये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने बताया कि हमें संत रविदास जी के जीवन से कुछ प्रेरणा लेकर अपने जीवन को परिवर्तित करना चाहिए।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी को पदोन्नति पर राजकीय शिक्षक संघ ने दी विदाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों व इंटर कॉलेज कोटद्वार के स्टाफ द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद को जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हरिद्वार के पद पर पदोन्नति होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद को एक ईमानदार व हमेशा अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने वाला अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान शैक्षिक व्यवस्थाओं में सुधार के साथ-साथ छात्र हित में भी कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं, इसीलिए वे आम शिक्षकों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता में भी काफी लोकप्रिय थे। क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उनके कार्य प्रणाली से खुश रहते थे।

# अली कोकब मिस्टर एवं प्रियांशी मिस फेयरवेल बनीं




**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक कुंवर आशीष राजपूत, प्रधानाचार्य राकेश चमोली, कोऑर्डिनेटर श्रीमती महवश पंजेतन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कक्षा 11 की छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल अली कोकब तथा मिस फेयरवेल प्रियांशी अग्रवाल को चुना गया।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग की मांग को लेकर निकाली ध्यानाकर्षण रैली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण संघर्ष समिति की ओर से लालढ़ाग- चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चिल्लरखाल से तहसील तक ध्यानाकर्षण रैली निकाली गई। रैली में क्षेत्रीय लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर मोटर मार्ग निर्माण की मांग की। सोमवार को क्षेत्रीय लोग चिल्लरखाल बैरियर पर एकत्रित हुये। यहां से वे दुपहिया व चौपहिया वाहनों से मोटर नगर पहुंचे। तत्पश्चात लोग समिति संयोजक राजाराम अण्थवाल व प्रवीण थापा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे। तहसील पहुंचकर जुलूस सभा में बदल गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रोड का निर्माण न कराना जनता के अधिकारों का हनन है। जनता लंबे समय से इस मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर चिल्लरखाल बैरियर पर धरना प्रदर्शन कर रही है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिला है। कहा कि इस मोटर मार्ग के बनने से जहां गढ़वालवासियों को देहरादून जाने के लिए यूपी के नजीबाबाद होते हुए नहीं जाना पड़ेगा, वहीं भाबर क्षेत्रवासियों को भी बस सुविधा मिलेगी। कहा कि जब तक मोटर मार्ग निर्माण नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। तत्पश्चात सक्षम अधिकारियों के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन प्रेषित किये गये। रैली में क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों सहित सथानीय जनता ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

# संत रविदास शोभायात्रा के दौरान वाहन की चपेट में आकर श्रद्धालु घायल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** संत रविदास जयंती के अवसर पर कोटद्वार बाजार में निकाले जा रहे जुलूस के दौरान हुए सड़क हादसे में कुछ श्रद्धालु घायल हो गये। बताया गया कि जुलूस के दौरान एक वाहन की चपेट में आने से श्रद्धालु घायल हुये, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने रविवार देर शाम को अस्पताल पहुंचकर भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मौके पर उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से घायलों की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी ली, साथ ही चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ को निर्देश दिये कि सभी घायलों का इलाज पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और बेहतर सुविधाओं के साथ किया जाये। कहा कि घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास नेगी, महानगर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय मित्तल और प्रदेश महासचिव रूपेंद्र सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत रविदास जयंती पर किरतपुर में निकली जिले की सबसे बड़ी शोभायात्रा





## अतिथियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि रविदास जयंती के शुभ अवसर पर निकाली गई जिले की सबसे बड़ी शोभायात्रा का उद्घाटन पूर्व मंत्री धनीराम सिंह, नगीना विधायक व पूर्वमंत्री मनोज पारस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नगर के कई मोहल्लों में ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी व देवेंद्र चौधरी गैस एजेंसी स्वामी ने शोभायात्रा का उद्घाटन किया। अंबेडकर नगर धर्मशाला स्थित रविदास मंदिर पर हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सभी अतिथियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा अंबेडकर नगर धर्मशाला से शुरू होकर बस स्टैंड जाकर विशाल शोभायात्रा में बदल गई। शोभायात्रा में कई दर्जन झांकियां, रविदास जी की झांकी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, शंकर पार्वती, मीराबाई, मां गंगा आदि मनमोहक झांकियों सहित, बैंड, डीजे और नृत्य करते और अखाड़े में करतब दिखाते कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। मोहल्ला कोटला, मोहल्ला भुड्डी, मोहल्ला गौसपुर, मोहल्ला लाडपुरा, मोहल्ला वलीपूरा की शोभायात्रा बस स्टैंड पर जाकर शामिल हुई, जो एक विशाल शोभायात्रा के रूप में बदल गई और जिधर देखो उधर भीड़ नजर आई। शोभायात्रा अंबेडकर मार्केट, अंबेडकर मूर्ति, सर्राफा बाजार, जैन चौराहा, मोहल्ला चौहानान, गौरी की मंडी होकर वापस अंबेडकर नगर धर्मशाला पर रात्रि 10 बजे समाप्त हुई। शोभायात्रा का स्वागत कई सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा से किया गया।

### सांसद ने मत्था टेककर आशीर्वाद लिया

भीम आर्मी के प्रमुख व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी रविदास धर्मशाला में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में शिरकत करने आए नगीना सांसद शोभायात्रा के दौरान शराब की दुकान खुली होने पर भड़क गए और उन्होंने नाराजगी जताते हुए चेतावनी देते हुए दुकान बंद कराई। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, एसपी सिटी डॉ. कृष्णगोपाल सिंह, नजीबाबाद सीओ नितेश प्रताप सिंह, पुलिस बल के साथ सुरक्षा में मुस्तैद रहे।

### शोभायात्रा में इनकी उपस्थिति उल्लेखनीय रही

शोभायात्रा में चंद्रप्रकाश रवि, बाबू जगराम सिंह,नकुल कुमार गौतम,छोटे सिंह, नानक चंद, विकास लैब वाले, डॉक्टर अजब सिंह, डॉ. रंजीत सिंह, डाक्टर अजब सिंह, अरुण कुमार पूर्व सभासद, सतीश कुमार तेल वाले, चरण सिंह, नवीन भारती, अशरफ जमील, विपिन कुमार, श्रीपाल, संजय चौहान, नगर अध्यक्ष भाजपा गौरव पाराशर, सोनू वर्मा, डा. वरुण, ज्ञानेश्वर बाबू, छोटेलाल, गौतम सिंह पत्रकार, मास्टर प्रमोद, अखिलेश सभासद, सुखबीर सिंह दरोगा जी, निक्की भारती, डॉ. राधेश्याम, नागेंद्र पाल, विकास आढ़ती, मास्टर प्रमोद, खलीफा बलवंत सिंह, कल्लू सिंह, हरस्वरूप, शीशराम दीवान, यशपाल डाक बाबू, सचिन कुमार, सुखलाल, ललित, मनीष, विशाल, डॉ. प्रतीक चौधरी, अशोक मेंबर, चंद्रपाल, मगन सिंह, प्रीतम सिंह, परम सिंह, टीके दास, साहिल मेहरा, भावी प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी नगीना विधानसभा दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

# मोटाढाक में धूमधाम से मनाया गया 14वां वार्षिकोत्सव

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा के संस्थापक राष्ट्रीय सचिव श्री शिव शक्ति सिद्ध पीठ महाकाली मन्दिर समिति के संरक्षक पण्डित मनमोहन दुदपुड़ी और सयोजक बलवन्त चौहान तथा ब्रजमोहन के निर्देशन में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी दयाल सिंह असवाल व लाट सूबेदार कैप्टन ठा. बलभद्र सिंह नेगी के सम्मान में 14वां तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव मोटाढाक ग्राम पंचायत में मनाया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नजीबाबाद के ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह, मण्डी समिति पौड़ी के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख सुमन कोटनाला, नगर निगम कोटद्वार के पार्षद उम्मेद सिंह नेगी, प्रमुख उद्योगपति चांद मौला ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. सुभाष चन्द्र ढोडियाल, बिन्दी देवी, प्रशान्त दुदपुड़ी शर्मा, कुसुम नेगी, किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष मदन चौहान, सरदार अवतार सिंह, क्षत्रिय सभा नजीबाबाद पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, राजगौरव नौटियाल, अमित सजवाण एडवोकेट, जीना देवी पत्नी कारगिल शहीद स्व. मदनसिंह, रेखा नेगी, मंजुरानी, पत्रकार अनुज कुमार शर्मा, नरेश थपलियाल, पं. आचार्य धर्मान्द बिन्जोला, देवेन्द्र सिंह रावत, सुषमा रावत, सरोजनी रावत, उमेश कुमार कण्डवाल, मास्टर वैभव भट्ट, लक्ष्मी देवी असवाल, शुभम बडौला, अतन्य नैथानी, उदय भट्ट, रविदत्त डबराल, प्रेम सिंह भण्डारी, गुलाब सिंह राणा, अंकुर नैथानी, गोपालदत पाण्डेय, आनन्द सिंह विष्ट, अनिल जखमौला, कपड़ा व्यापारी प्रदीप अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह, रोबिन कुमार, सरदार सिमरनजीत सिंह, उमा देवी, नरदेव सिंह, अर्पणा चन्द्रवंशी, गोकुल देव डबराल, सारत सिंह असवाल, सुखवीर सिंह चौहान, शशिधर डबराल, मोहनलाल भट्ट, कमला देवी रावत, देवेश्वरी देवी डोबरियाल, मंजूलता गौड़, कान्ता देवी, डौली देवी, हेमा देवी, मधु तड़ियाल, नन्दी देवी धस्माना, मधु तड़ियाल, कुसुम नेगी, सुषमा रावत, विद्यादेवी सिल्सवाल, भगवन्त सिंह भण्डारी, राहुल रावत, मीरा विष्ट कमला भण्डारी, कान्ता देवी नेग, शौभा जखमौला, ऋतु पंत, अनीता रावत, कमला देवी रावत, सोनी देवी, प्रभा देवी, दीपा कण्डारी, नीलम नेगी, माला देवी, कंचन लता देवरानी, रजनी नेगी, सपना देवी, मोनिका देवी, अमृता रावत, आयशा भट्ट, अंजना भट्ट, संगीता बिष्ट, स्वाति शर्मा, आत्यना नैथानी, परिधि कण्डवाल, दिव्यांशी,बृजमोहन नेगी, वैभव भट्ट, स्मृति नेगी, समीक्षा भण्डारी आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन दुदपड़ी ने किया। बलवंत सिंह चौहान पूर्व प्रधान व अनीता दुदपड़ी ने किया। बलवंत सिंह चौहान पूर्व प्रधान व अनीता दुदपुड़ी व अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम व्यवस्था का दायित्व संभाला।

## पत्रकार राजपाल सिंह के भाई के निधन पर श्रद्धांजलि दी

बिजनौर ( चिंगारी )। यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन बिजनौर के जिला अध्यक्ष,पत्रकार मा. राजपाल सिंह के अनुज भ्राता महाशय स्वर्गीय ओमपाल सिंह निवासी उलेढा को श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ने किया। शोकसभा को राजवीर सिंह सहायक निबंधक ( सहकारिता ), सेवानिवृत्ति पुलिस निरीक्षक संग्रामसिंह, डॉ. नरेशपाल सिंह, सुनील पाल मनोहारिया, दिनेश केसरिया आदि ने सम्बोधित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना और शोकाकुल परिवार को इस दारुण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## अग्रवाल प्रशिक्षण सेवा संस्थान ने वृद्धाश्रम व स्कूल में कराया भोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान (रजि.) बिजनौर के तत्वावधान में अन्नपूर्णा भोजनशाला के अंतर्गत श्रीकृष्ण गुप्ता के पुत्र आशु जिंदल के जन्मदिन पर विदुरकुटी स्थित वृद्धाश्रम और प्राथमिक विद्यालय दारानगर में बच्चों को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया।



अन्नपूर्णा भोजनशाला के मुख्य अतिथि हरिद्वार से पधारे शनिधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमती एवं जगदीश प्रसाद गुप्ता रहे। पिछले अनेक वर्षों से सर्दियों में कंबल दान करने वाले संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल एवं श्रीमती वर्षा अग्रवाल को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने बताया कि संस्थान ने अन्नपूर्णा भोजनशाला का प्रारंभ 26 अप्रैल 2017 से किया था एवं कोरोना काल में निरंतर सेवा के बाद इसका समापन किया गया था। अब हमने अन्नपूर्णा भोजनशाला पुनः प्रारम्भ की है। अन्न का दान सबसे बड़ा दान माना जाता है, क्योंकि यदि हम अन्न नहीं खाएंगे, तो रक्तदान अथवा समयदान कैसे कर पाएंगे। कार्यक्रम में उषा गुप्ता, आशा अग्रवाल, अलका अग्रवाल, रीता अग्रवाल, शशि शर्मा, संध्या अग्रवाल, उमा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, उषा शर्मा, कुसुमलता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, ममता शर्मा, लता राठौड़, अंजू शर्मा, पूनम गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, कुमारी पायल, कुमारी रिंकी, कुमारी रणदीप, रेखा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, अंजू शर्मा, अलका गोयल, ओमवती गोयल, रोहित गोयल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, डॉ. आकाश अग्रवाल सम्मिलित रहे।

# आईएचएमएस कॉलेज के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में जॉब के लिए उमड़े छात्र-छात्राएं





**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में देश की जानी मानी इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी कंपनी पेटीएम, सिद्धी इन्फोटेक, श्री आई इन्फोटेक कंपनी और एक्सीज बैंक की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज और कोटद्वार क्षेत्र के छात्र छात्राएं जॉब पाने के लिए उमड़ पड़े। सोमवार को कॉलेज के सेमिनार हॉल में आईएचएमएस कॉलेज, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी और बीजीयू के ग्रेजुएट अंतिम सेमेस्टर के करीब 200 छात्र छात्राएं उपस्थित हुए। इस अवसर पर तीनों कंपनियों के सनियर एचआर मैनेजर ने छात्र छात्राओं को अपनी अपनी कंपनी में वैकेंसी, पैकेज और कंपनी जॉब के दौरान मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद पेटीएम की एचआर अधिकारी रिया और तमन्ना, एक्सिस बैंक की एचआर अंशुमाला, श्री आई इन्फोटेक की एचआर निपुर विश्नाई और सिद्धी इन्फोटेक के एचआर रितेश गोयल ने छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया। जिसमें उन्होंने दूसरे राउंड के लिए 24 छात्र छात्राओं का चयन किया। शेष छात्रों को अगले ड्राइव में आने को कहा। बताया कि दूसरे राउंड के साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर दिया जाएगा।

कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए कालेज प्रबंधन की ओर से बेहतर शैक्षणिक व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। नैक की मान्यता मिलने के बाद अब आईएचएमएस कालेज का नाम देश के प्रमुख कालेजों की सूची में आ गया है। जिसके कारण अब देश और विदेश की जानी मानी कंपनियां कालेज में विजिट कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि इसमें बीए, बीएसई, बी-कॉम, बीसीए, बीएससी आईटी, बीबीए, एमबीए और एमसीए के फाइलन ईयर के छात्र छात्राओं का साक्षात्कार हुआ। जिसमें अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को 04 से 08 लाख वार्षिक पैकेज तक के नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, प्लेसमेंट हेड हर्षपाल सिहं रावत, एचओडी साइंस अनुराग सेमवाल, एचओडी मैनेजमेंट सुरेंद्रजगवान, एचओडी होटल मैनेजमेंट विरेंद्र आर्य, आईक्यूएससी हेड डॉ. प्रवीन त्रिपाठी सहित कॉलेज के प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शब-ए-बरात

## इबादत, रहमत और आत्ममंथन की रात



इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की 15वीं रात को मनाई जाने वाली शब-ए-बरात मुस्लिम समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और बरकतों भरी रात मानी जाती है। इस पवित्र रात को रहमत, मगफिरत और दुआओं की रात कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात अल्लाह अपने बंदों पर विशेष कृपा करता है, उनकी तौबा कुबूल करता है और आने वाले साल के लिए लोगों की किस्मत और जिंदगी से जुड़े फैसले तय होते हैं। 'शब-ए-बरात' का अर्थ है 'मुक्ति की रात'। इस रात को लोग अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं, अल्लाह की इबादत करते हैं और अपने गुजरे हुए लोगों के लिए दुआएं करते हैं। घरों, मस्जिदों और कब्रिस्तानों में विशेष रूप से रोशनी और सफाई की जाती है। लोग पूरी रात नमाज, कुरान की तिलावत और दुआओं में गुजारते हैं। इस्लामी मान्यताओं के अनुसार, शब-ए-बरात की रात अल्लाह अपने बंदों से फरमाता है कि जो मुझसे माफी मांगेगा, मैं उसे माफ कर दूंगा; जो रोजी मांगेगा, उसे रोजी दूंगा; जो बीमार है, उसे शिफा दूंगा। यही वजह है कि यह रात आत्मशुद्धि, क्षमा याचना और नई शुरुआत का संदेश लेकर आती है। इस मौके पर लोग अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और जरूरतमंदों के बीच हलवा, मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री बांटते हैं। यह रात केवल रस्म अदायगी की नहीं, बल्कि अपने जीवन का हिसाब लेने और गलतियों से तौबा करने की रात मानी जाती है। बुजुर्गों और इस्लामी विद्वानों के अनुसार, इस रात को फिजूलखर्ची और दिखावे से बचते हुए सादगी के साथ इबादत पर ध्यान देना चाहिए। समाज में यह संदेश दिया जाता है कि शब-ए-बरात हमें आपसी भाईचारा, इंसानियत और माफी का पैगाम देती है। यह रात सिखाती है कि इंसान अपने दिलों से नफरत मिटाकर एक-दूसरे को माफ करें और बेहतर इंसान बनने का संकल्प लें। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा भी इस मौके पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए जाते हैं, ताकि लोग सुकून के साथ इबादत कर सकें। कुल मिलाकर शब-ए-बरात केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्ममंथन, सुधार और इंसानी रिश्तों को मजबूत करने का पावन अवसर है। यह रात हमें यह याद दिलाती है कि सच्ची इबादत वही है, जो इंसान को बेहतर इंसान बनाए और समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे को बढ़ावा दे।

# अकेले-अकेले खूब इबादत करें

शब ए बराअत आज 3 फरवरी दिन मंगलवार को होगी। यह रात इबादत की रात है, इस रात कि फ़ज़ीलत 10 साहाबा ए किराम (रज़ी) कि रिवायत से साबित हैं। इस रात में दुआएं क़बूल होती हैं और अल्लाह अपने बन्दों की तरफ खासतौर पर मुतावज्जह होता हैं और बुहत से गुनाहगारो के गुनाह माफ़ करता हैं सिवाये चन्द लोगों के उनमें शिर्क करने वाला, शराबी, चुगल्खोर, मां बाप का ना फरमान, और टख़्नो से नीचे पायजामा या पतलून लटकाने वाला, वगैराह, अगर ये गुनाह हमारे अंदर पाए जाते हो तो हम उनसे तौबा करें। इस रात में हम सब लोगों को अकेले अकेले खूब इबादत करनी चाहिए बेहतर तो ये है के अपने अपने घरों में ही करें और अगर हमारी अपनी फर्ज़ नमाज़े जो छुटी हुई हैं तो सबसे पहले उनको पढ़ कर पूरी करनी चाहिए, कुरान शरीफ़ कि तिलावत और ज़िक्रुल्लाह करें और ग़लत रस्मो जैसे हलवा पकाना, आतिशबाज़ी करना, कब्रिस्तान जाने के लिए टोली बनाकर, इसी दिन जाने को ज़रूरी समझना, गलियों में शोर करना, घूमना इन तमाम बातों से बचें। हमारा मज़हब इन तमाम बातों कि इजाज़त नहीं देता कि किसी भी मज़हब के लोगो को हमारे किसी भी अमल से तकलीफ़ हो और हमको किसी को नही देखना कौन तकलीफ़ दे रहा है या नहीं, हमको अपने अल्लाह और नबी स.के तरीक़े को देखना है बस, अगले दिन जो रोज़ा रखते हैं उसकी हक़ीक़त यह हैं कि ये रोज़ा शब ए बराअत कि वजह से तो सही नहीं होगा अल्बत्ता हर महीने चांद कि 13,14,15 तारीख का जो रोज़ा सुन्नत और मुस्तहब्ब कहलाता है। उस एतिबार से तो सही है क्योंकि शब ए बराअत का रोज़ा सही हदीस से साबित नहीं हैं और खास बात यह हैं कि इस रात इबादत खूब करें लेकिन इस से भी बड़ी रात शब ए क़दर जो रमज़ान के आखरी दस दिनों में होती है उसमें इबादत करना न भुलें। आमतौर पर उस रात को हम भूल जाते हैं वो रात ऐसी हैं के उस रात में इबादत करना एक हज़ार रात की बराबर होता हैं और उस रात में ही मौत और रिज़्क का फैसला होता हैं, कुरान और हदीस में उसका खास ज़िक्र हैं। इसलिए उस रात में भी इबादत का खयाल रखें बाक़ी बरक़त का महीना रमज़ान आने वाला ही हैं। उसकी भी तैयारी शुरू कर दें। गुनाहों से अपने आप को बचायें, हलाल कमाए और खायें, अपने बच्चों को दिनी और दुनियावी तालीम दिलाएं, शराब ज़ुआ, ज़िना, रिश्वत और सूद से बचें, अपने वतनी भाईयो के साथ अच्छे अखलाक़ से पेश आयें एक दूसरे के दुःख दर्द को अपना दर्द समझें, हर एक के साथ अच्छा करें, बुरा करने वाले की तो कमी नहीं है कुछ अच्छा नेक काम करें, ज़रूरतमंदो का ख्याल रखें चाहे वो किसी भी मज़हब से ताल्लुक़ रखता हो, मां, बहन, बेटियों की इज़्ज़त का खास ख्याल रखें।



**-मुफ़्ती मुहम्मद अब्दुल्लाह जामिई**
इमाम- मदीना जामा मस्जिद व ईदगाह
**हल्दौर ( बिजनौर )**

# श्रद्धापूर्वक मनायी गई डॉ. रामकुमार शर्मा की पुण्यतिथि

## यज्ञ-हवन और भण्डारे का आयोजन किया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के प्रख्यात हौम्योपैथी चिकित्सक डॉ. कपिल कुमार शर्मा के पूज्य पिताजी स्व. डॉ. रामकुमार शर्मा चांदपुर वालों की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सामाजिक जनसरोकारों के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सोमवार को बैराज रोड शक्ति नगर स्थित डॉ. कपिल कुमार शर्मा के निवास स्थान पर यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सगे सम्बंधियों व शुभचिंतकों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य आत्मा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किये। तत्पश्चात बैराज रोड पर टैंट लगाकर भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों व अन्य जरूरतमंद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीराम ट्रस्ट के अंतर्गत सम्पन्न हुए भण्डारे में श्रीमती सुधा शर्मा (पत्नी स्व. रामकुमार शर्मा), डॉ. कपिल शर्मा, श्रीमती पारूल शर्मा, इंजी. अरिजंय कौशिक, इंजी. अचिन्त्य कौशिक (पुत्रगण) आदि पारिवारिक सदस्यों ने प्रेमपूर्वक भण्डारे की व्यवस्था की। भण्डारा स्थल पर अनुशासन, स्वच्छता और सेवा भावना का विशेष ध्यान रखा गया। अपने पिता की सेवा मूल के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए डॉ. कपिल शर्मा ने पिता की स्मृति में श्रीराम ट्रस्ट की स्थापना की है, जिसके अंतर्गत अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

### संस्कृत भाषा को बढ़ावा दे रहे डॉ. कपिल शर्मा

डॉ. कपिल कुमार शर्मा भी अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़कर समाजसेवा में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। चांदपुर स्थित बिहारी संस्कृत पाठशाला के प्रबंधक रहते हुए देश की प्राचीन भाषा संस्कृत को बढ़ावा देने में अपना अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। डॉ. कपिल शर्मा के अनुसार वर्तमान में सैकड़ों विद्यार्थी स्नातक (शास्त्री) व परास्नातक (आचार्य) तथा इंटर में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# अत्यधिक शराब पीने से युवक की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक गांव में अत्यधिक शराब का सेवन करने से एक युवक की हालत बिगड़ गई, जिसे परिजन सीएचसी ले गए इसी दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने सोमवार की शाम अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत हायर सेंटर रैफर कर दिया। बताया जाता है कि परिजन उसे सीएचसी से लाने के बाद बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी युवक की हालत और ज्यादा खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी इस आदत से तंग आकर उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

# भैंस खरीदने के नाम पर की ठगी, दो गिरफ्तार



**नहटौर ( चिंगारी )।** भैंस खरीदने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 39 हजार की नगदी बरामद करने का दावा किया है। ग्राम सुहागपुर निवासी शमशुद्दीन के साथ दो लोगों ने भैंस खरीदने के नाम पर ठगी की थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की। पुलिस के अनुसार सुलेमान उर्फ फरमान पुत्र मेहरबान व मेहरबान उर्फ इकराम उर्फ राजा पुत्र हनीफ़ निवासी नानपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 39 हजार की नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया मामले में दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

# वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कहते हैं कि जोड़ियां ऊपर से बनकर आती हैं, लेकिन उन्हें मिलाने का कार्य कर रही है मेरठ की श्री अग्रसेन वैश्य अग्रवाल सभा, जो इस वर्ष 22 फरवरी को प्यारेलाल शर्मा स्मारक निकट बच्चा पार्क मेरठ में 17वां वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। सभा से जुड़े सदर बाजार स्थित वैरायटी पैलेस के स्वामी अरविंद अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक परिजन पंजीकरण फार्म व जानकारी उनसे मो. नं. 9412855783 पर प्राप्त कर सकते हैं। सम्मेलन में नाश्ता-भोजन व जन्मपत्री मिलवाने के लिये योग्य विद्वान पंडितों एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

# बजट से खुश हैं भाजपाई, भाकियू ने नाराज़गी जताई

**नूरपुर ( चिंगारी )। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को आम बजट पेश किया। सरकार ने एक तरफ मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोटर्स व ग्रीन एनर्जी को राहत दी, तो दूसरी तरफ शेयर बाज़ार से जुड़े निवेश व कुछ गतिविधियों को महंगा किया है। आम बजट पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है।**

## बजट पर चर्चा

**डॉ. शमीम राही**

### सराहनीय बजट



जिला सहकारी संघ के चेयरमैन व विधानसभा संयोजक पुष्पेन्द्र शेखावत ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट के बाद इलाज़ के खर्च में कमी,विदेशी यात्रा,शिक्षा पर कम टैक्स व रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले कई इलेक्ट्रॉनिक व ऊर्जा सम्बंधित उत्पादों के सस्ते होने की सम्भावना है।

### दवायें सस्ती होंगी



भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल ने बजट पर अपनी राय देते हुए कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कैंसर जैसी घातक बीमारी में इस्तेमाल होने वाली करीब 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है, जिससे कैंसर की बीमारी में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की दरों में कमी आएगी।

### विकसित भारत की ओर



भाजपा के नगर महामंत्री प्रणयमनु गुप्ता ने बजट पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की तरफ बढ़ने में अहम साबित होगा। सरकार के बजट में लेदर, कपड़ा सिंथेटिक फुटवियर व विदेशी यात्रा व एयरक्राफ्ट निर्माण से जुटी वस्तुओं व शुगर की दवाओं के सस्ते होने की उम्मीद है।

### बहुत अच्छा साबित होगा



पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला प्रभारी संदीप जोशी ने बजट की सराहना करते हुए कहा



कि यह बजट व्यापारियों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा। संदीप जोशी ने इलेक्ट्रॉनिक मोबाइल, शुगर की दवा, कैंसर की दवा सस्ती करने पर मोदी सरकार की सराहना की।

### निराशाजनक बजट



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट गरीबों व गांव में रहने वाले लोगों के लिए निराशाजनक है, इसमें आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। बजट में युवाओं के लिए नौकरी व रोजगार की कोई बात नहीं कि गई है।

### 1/20 का बजट



भाकियू के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी ने कहा कि हम तो भाजपा के हर बजट को 1/20 का बजट मानते हैं, क्योंकि वो 5 प्रतिशत लोगों के लिए होता है। भाजपा सरकार का बजट भाजपाई भ्रष्टाचार की अदृश्य खाता-बही होता है। इस बजट में आम जनता का ज़िक्र है न फ़िक्र है। महंगाई बेतहाशा बढ़ने पर भी इस बजट में जनता को टैक्स में छूट न देना, 'टैक्स-शोषण' है।

### बजट में किसानों के लिये कुछ नहीं



भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. गौतम सिंह लम्बरदार ने केन्द्र सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं दिया। सरकार किसानों की आय बढ़ाने की सिर्फ बात करती है किसानों के हित में कोई काम नहीं करती। सरकार देश के उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। किसानों का उत्पीड़न हो रहा है।

# गन्ना पेराई-सत्र समाप्त होने पर की जायेगी पुलिया की मरम्मत



चीनी मिल के करीब स्थित नहर की पुलिया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के एकदम समीप स्थित नहर पर बनी हुई पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त है। पुलिया निर्माण के समय, उसके समीप चीनी मिल नहीं थी, तब सिंचाई विभाग ने यह पुलिया किसानों के हल्के वाहनों के आवागमन हेतु बनाई थी। लेकिन मिल बनने के बाद से इस पुलिया पर बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं। इससे उक्त पुलिया का स्लैब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि चीनी मिल ने कई वर्ष पूर्व पुलिया के स्लैब को सहारा देने के लिये उसके नीचे लोहे के तीन गर्डर लगवाये थे, वर्ना यह पुलिया कभी की टूट गयी होती। यदि उक्त पुलिया टूट गयी, तो पास के गांवों बरकातपुर, पूंडरी खुर्द, सबलपुर बींतरा, पूंडरी कलां का सम्पर्क मार्ग भी बंद हो जायेगा। उक्त पुलिया की चौड़ाई भी कम है। चौड़ाई कम होने के कारण पुलिया से ट्रक या ट्रॉली गुजरते हैं, तो दूसरी दिशा से आने वाले वाहनों को रुकना पड़ता है। इस कारण गन्ना पेराई सत्र के दौरान यहां कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने की मांग भी लम्बे समय से की जा रही है। पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड-2 हरिद्वार के अधिशासी अभियंता योगेश निम ने बताया कि गन्ना पेराई सत्र की समाप्ति के बाद अप्रैल-मई में उक्त पुलिया पर कार्य शुरू किया जायेगा। 80 प्रतिशत संभावना केवल नया स्लैब डाले जाने की ही है। चौड़ाई बढ़ाये जाने की संभावना कम है।

## चौड़ाई बढ़ाना जरूरी है

**ग्राम पंचायत पूंडरी खुर्द के प्रधानपति सुधीर राजपूत 'पिंटू', सबलपुर बींतरा के पूर्व प्रधान मौ. शहाबुद्दीन, जिला पंचायत सदस्य मौ. यूनुस, रामकुमार सिंह 'सर्वेश', संदीप राजपूत, सत्यपाल सिंह, गौरव राजपूत, मनोहर सिंह आदि का कहना है कि उक्त पुलिया की चौड़ाई कम होने के कारण काफी समस्या उठानी पड़ती है। कई बार लंबा जाम लग जाता है।**

# युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ मंडैयो का निवासी युवक कामेन्द्र सिंह (24 वर्ष) पुत्र रतिराम सिंह कल शाम से गायब था। परिजनों ने बताया कि कामेन्द्र कल अपराह्न लगभग 4 बजे घर से कहीं दावत में जाने की बात कहकर स्कूटी लेकर निकला था। आज सुबह युवक का शव गंगा खादर क्षेत्र में गंगा मंदिर के समीप रेत में पड़ा हुआ देखा गया। शव के पास ही उसकी स्कूटी पड़ी थी, जिसका साइड का एक शीशा टूटा हुआ था। स्कूटी के पास युवक का मोबाइल पड़ा था। स्कूटी के पास ही बीयर की 3 खाली केन, अंग्रेजी शराब का एक पव्वा तथा कुछ डिस्पोजल प्लेट्स, गिलास, पकौड़ियां और सल्फास का रैपर पड़ा हुआ मिला। सूचना पर परिजन और सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। मगर महिलाओं, ग्रामीणों ने शव को नहीं उठाने दिया। कहा कि पहले पुलिस यह पता करे कि युवक को यहां कौन लेकर आया और उसके साथ क्या हुआ है। मौके पर फोरेंसिक टीम (फील्ड यूनिट) भी पहुंची और फिंगर प्रिंट जुटाये।



मृतक का फइल फोटो

पुलिस और भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी, बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया के नेताओं ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर और सारी सच्चाई सामने लाने का आश्वासन देकर किसी तरह शांत किया। काफी मुश्किलों से लगभग 11 बजे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। कामेन्द्र मंडावली के एक मिनी केन क्रशर पर कार्य करता था तथा अविवाहित था। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि युवक के शरीर पर चोट का कोई निशान मौजूद नहीं था। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगेगा। दोपहर को क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना की हर एंगल से जांच कराई जायेगी।

# पत्रकारों ने खुर्शीद अंसारी के निधन पर शोक जताया



**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रेस क्लब पंजीकृत की ओर से सोमवार को मुख्य डाकघर के पास क्लब कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। पत्रकारों ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी के निधन पर दुःख जताया और दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सतीश शर्मा, साजिद अली, शमीम अहमद, जुल्फिकार मंसूरी, मुनीश उपाध्याय, शाहरुख अंसारी, नाजिम अंसारी, वसीम अंसारी, आयशा सिद्दीकी, अजीम अंसारी, असीम अंसारी, इकबाल अंसारी, अरशद जैदी, डा. रफत आदि ने खुर्शीद अंसारी के निधन की पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। पत्रकारों ने कहा कि खुर्शीद अंसारी एक निर्भीक निष्पक्ष और लेखनी के धनी पत्रकार थे। कभी किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न हुआ तो वह उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने के लिए कभी पीछे नहीं रहे। अध्यक्षता साजिद अली व संचालन प्रेस क्लब पंजीकृत के महामंत्री सतीश शर्मा ने किया।

# कम से कम एक पौधा जरूर लगायें- क्रांति कुमार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सदाफल मंडल की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। 201 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्वामी नरेंद्र आनंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभाग प्रचारक

## सदाफल में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने समाज को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारी बनाने की सबसे अहम जिम्मेदारी मां की होती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें। उन्होंने कहा कि संस्कृति देश के लिए अत्यंत आवश्यक है और हमारी भेष-भूषा, खान-पान और जीवनशैली में हिंदू संस्कृति की झलक दिखनी चाहिए।

विभाग कार्यवाह मुकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार की संपत्ति देश की संपत्ति है और उसकी रक्षा करना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन वरुण कुशवाहा व अध्यक्षता लोकेन्द्र चौहान ने की। सम्मेलन में धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा, ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, सीपी सिंह, प्रमोद त्यागी, देशबंधु चौहान, कपिल चौधरी, मनोज डागर, दुर्गा सिंह, अनिल कुशवाह, चंचल शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डी.एम. के हस्तक्षेप पर 20 दिन बाद दर्ज हुई खाद गोदाम में चोरी की रपट

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर के काजीपुरा स्थित गन्ना समिति के उप-खाद गोदाम में हुई डीएपी खाद चोरी के मामले में पुलिस ने करीब 20 दिन बाद एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के हस्तक्षेप और गोदाम प्रभारियों व गन्ना विभाग के कर्मचारियों की चेतावनी के बाद की गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 11 जनवरी 2026 की रात काजीपुरा उप-खाद गोदाम में चोरों ने शटर के ताले तोड़कर गोदाम में रखी 63 बोरी डीएपी खाद चोरी कर ली थी। चोरी की जानकारी अगले दिन गोदाम प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा को हुई। जिन्होंने तत्काल इस संबंध में थाना नहटौर को लिखित सूचना दी थी। बावजूद इसके, पुलिस ने लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं की, न ही रिपोर्ट दर्ज की गई।

एक सप्ताह से अधिक समय तक एफआईआर दर्ज न होने से खाद गोदाम प्रभारियों और गन्ना विभाग के पर्यवेक्षकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कर्मचारियों का कहना था कि जिले में खाद चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की उदासीनता के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज न होने से कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना भी बढ़ गई थी।

आक्रोशित कर्मचारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा था। पत्र में उन्होंने गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई और जल्द कार्रवाई न होने की स्थिति में कार्य बहिष्कार की चेतावनी भी दी थी। कर्मचारियों का कहना था कि यदि समय पर रिपोर्ट दर्ज होती और कार्रवाई होती तो चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को तत्काल एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच के निर्देश दिये। डीएम के निर्देश के बाद पुलिस हरकत में आई और करीब 20 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई।

## थानाध्यक्ष ने कहा...

**थानाध्यक्ष धीरज नगर ने बताया की काजीपुरा उप-खाद गोदाम में हुई डीएपी खाद चोरी के मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। गोदाम और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।**

# एक साल बाद भी जंगल में मिली खोपड़ी का रहस्य नहीं खुला


लगभग एक वर्ष पूर्व जंगल में मिला क्षत-विक्षत मानव खोपड़ी।


मौके पर जांच करती वन विभाग की टीम ( फाइल फोटो )


फाइल फोटो भारत गुप्ता।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** लगभग 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी कालागढ़ के जंगल में मिला एक क्षत-विक्षत मानव खोपड़ी आज भी रहस्य बनी हुई है। न मृतक की पहचान स्पष्ट हो सकी है और न ही लापता भारत गुप्ता का कोई ठोस सुराग मिल पाया है। डीएनए रिपोर्ट लंबित होने से मामला और उलझ गया है, जिससे परिजनों की उम्मीदें और इलाके की चिंता दोनों बढ़ती जा रही हैं। विदित हो कि केंद्रीय कॉलोनी कच्चा प्लॉट कालागढ़ निवासी भारत गुप्ता पुत्र जगतराम गुप्ता करीब एक वर्ष पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे। उनकी गुमशुदगी दर्ज होने के करीब एक सप्ताह बाद हाथी कैंप के समीप जंगल क्षेत्र में एक क्षत-विक्षत मानव खोपड़ी मिली थी, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। तब से पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से जांच में जुटे हैं। लेकिन अब तक कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है। पुलिस के अनुसार बरामद खोपड़ी भारत गुप्ता की हो सकती है। परंतु डीएनए परीक्षण रिपोर्ट के अभाव में इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। घटनास्थल की परिस्थितियों और खोपड़ी पर मिले निशानों के आधार पर जंगली जानवर विशेष रूप से बाघ के हमले की संभावना जताई जा रही है। वहीं हत्या की आशंका को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया गया है। ऐसे में दो प्रश्न उठते हैं, क्या यह सुनियोजित हत्या का मामला है या फिर मृतक व्यक्ति जंगली जानवर का शिकार बना? यदि टाइगर अटैक की पुष्टि होती है तो वन विभाग पर मुआवजा देने की जिम्मेदारी बनती है। जबकि हत्या की स्थिति में आरोपियों तक पहुंचना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती होगा। लगभग एक वर्ष से मामला अनसुलझा रहने से परिजनों में निराशा और भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मामले का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

### क्या कहना है इनका

**खोपड़ी को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया था। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना संभव होगा। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका नहीं लगती, क्योंकि सिर पर बाघ के दांतों के खरोंच के निशान मिले हैं।**

**-संजीव ममगई,** थानाध्यक्ष कालागढ़

# मीट प्लांट पर चला प्रशासन का बुलडोजर, हटाया अतिक्रमण



**स्योहारा ( चिंगारी )।** सहसपुर के राजस्व ग्राम याकूबपुर स्थित मैसर्स उमर इंटरनेशनल मीट प्लांट पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। डीएम के आदेश पर एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने करीब तीन घंटे तक जेसीबी मशीनों से ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इस दौरान रास्ते और नाले की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर खाली कराया गया। प्रशासन ने बताया कि मीट प्लांट स्वामी द्वारा खसरा नंबर 3 (सरकारी रास्ता) और खसरा नंबर 53 (नाला) की भूमि पर अवैध रूप से चाहरदीवारी और गेट लगाकर अंदर तक कब्जा किया गया था। शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग द्वारा की गई जांच में अतिक्रमण की पुष्टि हुई, जिसके बाद उक्त प्रकरण में सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने हेतु नियमानुसार नोटिस निर्गत किया गया था, किंतु संबंधित संस्था द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से सार्वजनिक संपत्ति को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है और इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम स्मृति मिश्रा के नेतृत्व में तहसीलदार धनराज कुमार, नायब तहसीलदार विजय कुमार, लेखपाल ज्योति, अनिल कुमार, रूपा, नरेश और सुदीप की टीम ने तीन जेसीबी मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाया। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।

### बदले की भावना से की गई कार्रवाई- हाजी अतीक

मीट प्लांट स्वामी हाजी अतीक अहमद का कहना है कि बदले की भावना से यह कार्रवाई की जा रही है। उनका कहना है कि इस कार्रवाई का जवाब डीएम बिजनौर को न्यायालय में देना होगा। उनका दावा है कि उन्होंने कोई अवैध कब्जा नहीं किया है।

## पाती दिवंगत जीवनसाथी के नाम!



सप्त पदों का, सात जनम का,
वादा काहे तोड़ गईं......।
मुझे अकेला छोड़ गईं क्यूँ ,
मुझे अकेला छोड़ गईं.....।।
पीर बड़ी है, भीड़ खड़ी है,
सेज बांस की सजी हुई ।
अब के रूठी, तो यूं रूठी ,
आखिर कैसी ठनी हुई ।।
तुम हो आगे, सब हैं पीछे,
अंतिम फ़र्ज़ निभाता जग।
राम नाम सत, सत बोलो गत,
तुमको आज सुनाता जग।।
चिता बनाकर, तुम्हें लिटाकर,
घृत,चंदन, गंध, सुगंध मले।
अगन जली तो, पंच-तत्व को,
पंच-तत्व में मिला चले।।
लौटा मेला, मगर अकेला,
लिए तुम्हारी यादें यूं।
बाहर हंसता, भीतर रोता,
आंसू की बरसातें हूं।।
कौन जन्म का, कौन कर्म का,
बदल ले गई मृत्यु छलना।
तुम बिन जीके, बची उमर के,
सांस है दूभर अब चलना।।
मुट्ठी...में....से, रेत फिसल के,
निकली जाती है जैसे।
पलक झपकते, सुदूर मुझसे,
चली गई हो तुम ऐसे।।
कुछ तो कहतीं, कुछ तो सुनतीं,
कुछ तो मुझसे बतियातीं।
साथ निभातीं, संग ले जातीं,
छोड़ न मुझको यूं जातीं।।

**-इंद्रदेव भारती**
नजीबाबाद (बिजनौर) उ.प्र.

**चिंगारी की ओर से स्व. ज्योत्सना भारती धर्मपत्नी श्री इन्द्रदेव भारती को हार्दिक श्रद्धांजलि। -संपादक**

# किसी ने कहा बजट खास कोई बोला किया निराश

**चांदपुर ( चिंगारी )। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को संसद में पेश किए गए बजट पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी।**

## बजट पूरी तरह से किसान विरोधी - रवि चौधरी



रवि चौधरी, मंडल अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पूरी तरह कॉरपोरेट वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जबकि देश का अन्नदाता किसान इसमें पूरी तरह उपेक्षित है। बजट में न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कोई गारंटी है, न कर्ज़ माफी का कोई प्रावधान, न ही किसान सम्मान निधि में कोई बढ़ोतरी की गई है। बढ़ती महंगाई, फसलों की लागत और किसानों की आय पर सरकार ने पूरी तरह चुप्पी साध रखी है।

## कैंसर की दवाईयों में छूट सराहनीय- हनी तोमर



युवा नेता हनी तोमर ने कहा कि सरकार ने बजट में शुगर और कैंसर जैसे गंभीर रोगों की 17 दवाओं पर ड्यूटी फ्री, युवाओं के लिए खेल के मैदान में अपने हुनर दिखाने का बड़ा मौका, खेलो इंडिया के माध्यम से दिया जाना, किसानों व पशुपालकों के लिए बड़े बजट की व्यवस्था और अतिमहत्वपूर्ण दिव्यांगजनों के कौशल के लिए ध्यान देना महत्वपूर्ण बिंदुओं को छुआ, शिक्षा पर टैक्स कम करने का काम किया है, जो सराहनीय कदम है। मेरठ खेल उत्पाद हब बनाने का कदम पश्चिम उत्तर प्रदेश को भी ध्यान में रखा गया है।

## इम्पोर्ट ड्यूटी न घटाया जाना निराशा जनक -अरविन्द



अरविन्द कुमार

आभूषण व्यापारी अरविन्द कुमार ने कहा कि व्यापारियों को बजट में आयकर में छूट मिलने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने बजट में न तो आयकर छूट बढ़ाई और न ही इंपोर्ट ड्यूटी घटाई जो निराशाजनक है। कैंसर की दवाईयों में छूट दिये जाना सरकार का सराहनीय क़दम है।

## किसान ठगा महसूस कर रहा है - काकरान



भाकियू लोकशक्ति के ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह काकरान ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट से किसानों को सरकार से बड़ी आशाएं थीं, लेकिन किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने के नाम पर फिर से छला गया है। बजट में किसानों के लिए कुछ भी खास नहीं है, फिर से किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है। बजट किसानों के लिए निराशाजनक है।

## बजट निराशाजनक - रायबहादुर आर्य



डा. रायबहादुर आर्य ने कहा कि बजट में इंकम टैक्स में छूट नहीं दी गई। बजट से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन बजट ने निराश किया। कैंसर की दवाईयों में छूट सरकार का सराहनीय कदम है।

**– प्रस्तुति :– मौ. अज़मल**

चिंगारी खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा

# सुशील वर्मा ने आयोजित किया नेत्र जांच शिविर



**हल्दौर ( चिंगारी )।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 157 मरीजों की आंखों का चैकअप किया गया, जिनमें से टेक्नीशियन टीम ने 83 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। यहां वर्मा मैरिज हॉल पर लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोग अपनी आंखों का चैकअप कराने पहुंचे, जिनकी आंखों का निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया। चिकित्सकों की टीम में शामिल डा.बब्बू, गौरव कुमार, संजय बर्थवाल, मोहित कुमार, मुकेश रामोला, रितिका, शुभम, निमिशा भट्ट आदि ने 154 मरीजों की आंखों का चैकअप कर 83 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। चयनित सभी 83 मरीजों को रविवार को ही ऑपरेशन के लिये ऋषिकेश ले जाया गया। शिविर में सुशील वर्मा, महिपाल सिंह, जितेंद्र फौजी, दुष्यंत चौहान देशू, डॉ. गजराज सिंह, डा.वीरेन्द्र सिंह, अरविंद चौहान, तरंग वर्मा व भोले वर्मा आदि का सहयोग रहा।

# वनकर्मियों ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया वेटलैंड दिवस




पीलीडैम पर वेटलैंड डे मनाते वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अमानगढ़ वन रेंज में वनकर्मियों ने आज सरस्वती शिशु सदन फतेहपुर धारा के दो दर्जन छात्र-छात्राओं संग इंटरनेशनल वेटलैंड डे/अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस मनाया। अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्र अंतर्गत पीलीबांध क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने बच्चों को आर्द्रभूमियों के महत्व, जलीय पक्षियों, उनके आवास, प्रजातियों एवं संरक्षण की आवश्यकता के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु संवाद, अवलोकन एवं मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर बच्चों सहित अनेक वनकर्मी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मंगोलपुरा में मनायी गई रविदास जयंती

**खासपुरा ( चिंगारी )।** गांव मंगोलपुरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। यह आयोजन गांव में स्थित धर्मशाला में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भी भीड़ रही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य के भावी उम्मीदवार सोनू कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संत रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। अपने संबोधन में सोनू चौधरी ने संत रविदास के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, मानवता और भाईचारे का संदेश दिया था। इस आयोजन में ओमप्रकाश, बरम सिंह, बलराम सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सोनू कुमार चौधरी कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए।

# धूमधाम के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा



रविदास मंदिर पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर एवं क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर हवन-पूजन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हवन के उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में संत रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ चल रहे अखाड़ों के युवकों ने हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी उचित प्रबंध किए गए थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परशुराम, विजय यादव, रणजीत सिंह, लाल सिंह, दीपक कुमार, बीरेन्द्र कुमार, सौरभ, सचिन सहित समाज के अनेक लोगों का विशेष सहयोग रहा।



अखाड़े में अपनी कला का प्रदर्शन करते युवा।

# स्कूल में हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम

**हल्दौर ( चिंगारी )।** जी.एस.एन.पब्लिक स्कूल में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सहप्रबंधक आशुतोष नागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुरु रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर आधारित प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रवक्ता विकास पंकज ने गुरु रविदास जयंती पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु रविदास जी के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

# खनन से भरे डंफर की टक्कर से युवक की मौत, बहन घायल

नगीना ( चिंगारी )। खनन से भरे बेकाबू डंफर की टक्कर से बाइक सवार 22 वर्षीय रोहित की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठी उसकी बहन सोनी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने डंफर को अपने कब्जे में लेते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की दोपहर करीब ढ़ाई बजे शेरकोट थाना क्षेत्र के ग्राम नगरपुर खड़कसेन निवासी 22 वर्षीय रोहित पुत्र रंजीत अपनी बहन सोनी के साथ बाइक द्वारा हरिद्वार दवाई लेने जा रहा था। बताया जाता है कि जब उनकी बाइक नगीना-रायपुर मार्ग पर ग्राम अलहदादपुर के पास पहुंची तो सामने जा रही बस को ओवरटेक करने के चक्कर में खनन से भरे आ रहे बेकाबू डंफ़र से टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आरोपी डंफर चालक जरनैल सिंह को हिरासत में लेते हुए डंफ़र को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपी डंफ़र चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# गोल्डन बैल्स स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस

स्योहारा ( चिंगारी )। गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार 2 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस वन विभाग अधिकारियों के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य हमें अपनी धरती को बचाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना। कार्यक्रम का संचालन सीमा देवी ने किया। इस कार्यक्रम में आर्द्र भूमि दिवस पर इंटर हाउस हिंदी और अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी हाउस के बच्चों ने भाग लिया। गांधी हाउस की कक्षा 9 की छात्रा भूमिका यादव प्रथम, भगत सिंह हाउस की तन्वी द्वितीय तथा कक्षा 8 की छात्रा गुनगुन तृतीय स्थान पर रही। अन्य सभी विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। वन विभाग अधिकारी शशांक गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह दिन 1971 में रामसर कन्वेंशन के अपनाए जाने की याद में मनाया जाता है, जिसका लक्ष्य नदी, तालाब, झील, वन आदि को संरक्षित करना है। स्कूल निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने आभार व्यक्त किया। वन विभाग अधिकारी तथा उनकी समस्त टीम और स्कूल के शिक्षक पवन, सदफ, दिशा, प्रिंसी, गौरव, सत्यम, राहुल, संयम, दिवाकर, ओम, निशा, आफिया, विनीत उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राज एवं अतिथि।

## नूरपुर में कल बनायी जायेगी प्रांतीय सम्मेलन की रूपरेखा

बिजनौर ( चिंगारी )। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद बिजनौर के तत्वावधान में 15 मार्च को नूरपुर में एसोसिएशन का प्रदेश स्तरीय भव्य सम्मेलन आयोजित होगा। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन की सफलता के लिए 4 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे जिला स्तरीय कार्य समिति, सभी तहसीलों के अध्यक्षों एवं स्थानीय नूरपुर टीम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद रूपरेखा बनाई जाएगी।

# टांडा माईदास में धूमधाम से निकली शोभायात्रा

रायपुर सादात ( चिंगारी )। नगीना देहात क्षेत्र टांडामाई दास में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु रविदास के संदेशों का गुणगान किया। कार्यक्रम स्थल पर गुरु रविदास की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। भजन-कीर्तन, सत्संग और प्रवचन के माध्यम से गुरु रविदास के समता, भाईचारा और मानवता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास का जीवन समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर समानता और प्रेम का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौधरी व उप निरीक्षक नितेंद्र कुमार की देख-रेख में शोभायात्रा निकाली गई। संत शिरोमणि गुरु रविदास कमेटी के प्रबंधक सुमेर सिंह उर्फ राणा जी, कमेटी सचिव शेर सिंह, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, पत्रकार प्रीतम राठौड़, योगेंद्र चौहान, अनूप जाटव, अमित पहलवान, डॉ. सुशील कुमार, सतीश कुमार, विमल कुमार, रविंद्र डीलर, सोनू कुमार, करन डीलर, सोनू कुमार, विकास कुमार, पंकज कुमार, अक्षय कुमार आदि व्यक्ति मौजूद रहे



## प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां घोषित की

बिजनौर ( चिंगारी )। गीता इंटर कालेज, जाटान बिजनौर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कालेज की प्रधानाचार्या ने एक विज्ञप्ति में बताया कि भूगोल की 4 फरवरी, जीव विज्ञान की 5 फरवरी को तथा रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 7 फरवरी 2026 होना निश्चित हुआ है।

## सूचना

मैंने अपना नाम छोटे सिंह (CHHOTE SINGH) से बदल कर छोटे सिंह (CHHOTEY SINGH) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे छोटे सिंह (CHHOTEY SINGH) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। - छोटे सिंह ( CHHOTEY SINGH ) पुत्र स्व. शेर सिंह, साकेत कालोनी, सिविल लाईन-2 बिजनौर उ.प्र.।

# डीडीपीएस में उत्साह के साथ संपन्न हुआ विदाई समारोह



बिजनौर ( चिंगारी )। दयावती धर्म वीरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के प्रांगण में कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षिक सफर और सम्मानपूर्वक विदा देना तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान करना था। सर्वप्रथम कक्षा 11 के छात्रों ने छात्रों ने कक्षा 12 के छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दीं। कक्षा 11 के छात्रों द्वारा रंगारंग नृत्य, कविताओं, गीतों और नाटकों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों में अपने स्कूल के दिनों की यादें साझा की और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य राजीव थॉमस ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर अनुशासन, परिश्रम व नैतिक मूल्य के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती एस्थर रुद्रा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया ताकि वह बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें और भविष्य में एक अच्छे इंसान बनकर अपने विद्यालय व देश का नाम रोशन कर सके।

# कपड़ा बेचकर लौट रहे वृद्ध व्यापारी की दुर्घटना में मौत

चंदक ( चिंगारी )। ग्राम रायपुर निवासी एक वृद्ध व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि दूसरा युवा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के ग्राम रायपुर बेरीसाल निवासी शमशेर अली (70 वर्ष) व आलम विकार (28 वर्ष) पुत्र शकील गांवों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में कपड़ा बेचते थे। सोमवार को दोनों व्यापारी माल लेने के लिए बाइक से सहारनपुर गए थे। शाम को वापस लौटते समय करीब छह बजे जब यह दोनों लक्सर-रायसी के बीच मुंडाखेड़ा गांव के पास नदी के पुल पर पहुंचे तो ट्रक से उनकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक के पहिए इनके ऊपर उतर गए। शमशेर अली ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि आलम के दोनों पैर कुचल गए हैं। घायल आलम को देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। आलम की इसी महीने शादी होनी थी। समाचार लिखे जाने तक शमशेर का शव गांव नहीं पहुंचा था।

# रविदास जयंती पर धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा



नजीबाबाद (चिंगारी)। संत शिरोमणि रविदास जयंती पर ग्राम बिजौरी व बीरूवाला में श्री रविदास जयंती शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम बिजौरी बीरूवाला में भ्रमण कर रविदास धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का उद्घाटन भाजपा के पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी व पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रभारी लवी अग्रवाल व विनोद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने रविदास जी द्वारा बताये गये रास्ते व आदर्शों पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए सबको मिलकर चलना चाहिए। इस अवसर पर यात्रा संयोजक महात्मा वीर विनोद प्रधान, अध्यक्ष गुरजीत सिंह, विपिन कुमार, दुष्यंत सिंह, गुरवीर सिंह आदि मौजूद रहे। यात्रा का मुख्य आकर्षण वजीर पुर ढोल, रविदास का संदेश झांकी, राकेश बैंड, जगवीर अखाड़ा आदि शामिल रहा।

# सम्मेलन में हिंदुओं की सुरक्षा व समस्याओं पर की गई चर्चा

नजीबाबाद (चिंगारी)। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति भगत सिंह बस्ती मालिनी नगर नजीबाबाद द्वारा नगर के कान्हा होटल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदू समाज की सुरक्षा, समस्याओं व अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में दुष्यंत, सुशील, पौरूष, प्रशांत आर्य साफ्टवेयर इंजीनियर हैदराबाद, सदस्य आर्य समाज नजीबाबाद आदि ने विचार रखते हुए हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील की। समिति का मार्गदर्शक हेमन्त अग्रवाल नगर संघ चालक, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदीप भण्डारी वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन मनोज व एके गहलौत ने संयुक्त रूप से किया। समिति सदस्यों में डॉ. केसी मठपाल संरक्षक, ओमप्रकाश मित्तल संरक्षक, समिति अध्यक्ष डॉ. एसके जौहर, उपाध्यक्ष एके गहलौत, संत कुमार अग्रवाल, अजयपाल वाल्मीकि, दिनेश राजपूत, सचिव गौरव शर्मा, सहसचिव अभिषेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज, सदस्य सरदार जगमोहन सिंह, प्रियांशु, राजेश प्रजापति, सचिन अग्रवाल, मलखान सिंह, अम्बरीश राजपूत, वीके अग्रवाल, श्रीमती इंदू राजपूत आदि मौजूद रहे।

## संत रविदास की लीला का आसपा नेता ने किया उद्घाटन

**नजीबाबाद (चिंगारी)। गुरु रविदास जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत प्रेमपुर में संत शिरोमणि सतगुरु रविदास की लीला का फीता काटकर उद्घाटन भीम आर्मी (आजाद समाज पार्टी) के तहसील अध्यक्ष व भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं 1 विष्णु कुमार गौतम ने किया। उन्होंने सभी से गुरु रविदास महाराज के बताए मार्ग पर चलने उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। इस अवसर पर भीम आर्मी तहसील उपाध्यक्ष आकाश राव आंबेडकर, तहसील प्रभारी निकिल कुमार, मीडिया सचिव विक्की रावण, वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन सिंह, दीपक कुमार, गौरव कुमार, रोहित आदि शामिल रहे।**

# गायत्री शक्तिपीठ पर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर पूर्णिमा पर्व पर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली श्रीमती सारिका अग्रवाल, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, .नीलम बरनवाल ने नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। विपिन राजपूत ने मुख्य दीप प्रजवलित किया। गायत्री साधकों ने संत रविदास को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि महापुरुष संपूर्ण विश्व के लिए वंदनीय होते हैं। संत रविदास को मीराबाई ने गुरु रूप में माना। गायत्री परिवार जिला समन्वयक पुखराज सिंह, जिला सह समन्वयक इंद्रदेव शर्मा, तहसील नजीबाबाद समन्वयक जितेंद्र सिंह द्वारा गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद एवं किरतपुर की ब्लाक समन्वय समितियो का पुनर्गठन किया गया। जिसमें श्रीमती कामेश शर्मा को ब्लॉक समन्वयक नजीबाबाद, मंजीत गहलौत को किरतपुर ब्लॉक समन्वयक बनाया गया। कमल शर्मा, महेश चंद्र ,महीपाल सिंह, अशोक वर्मा ,राज भटनागर, हरीश शर्मा, सुमन वर्मा, रिंकी सिंह, प्रेमलता शर्मा आदि मौजूद रहे।**

# आम लोगों ने आम बजट को निराशाजनक बताया

**नौशाद मुल्तानी**







रईस कुरैशी | अमजद सिद्दीकी | अचल शर्मा | चौ. महेंद्र सिंह | मोनू टाटा

नजीबाबाद (चिंगारी)। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इस बार सदन में पेश किये गये आम बजट पर लोगों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## आम बजट में गरीबों के लिए कुछ भी नहीं: रईस कुरैशी

नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी का कहना है कि आम बजट में गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है। बजट में केवल कुछ चीजों से टैक्स कम कर दूसरी चीजों पर काफी बढ़ाया गया है। बजट में रोजगार, महंगाई व नौकरी के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है। यह बजट केवल देश के लोगों को झूठे सपने दिखाने का बजट है।

## बजट में किसानों को कुछ नहीं मिला है: चौधरी महेंद्र

भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह ने कहा कि बजट में किसानों को निराशा ही मिली है। किसान आस लगाए बैठा था कि किसानों का इस बजट में कर्ज माफ होगा व एसएमपी गारंटी कानून लागू होना चाहिए था, नए किसान सम्मान निधि न बढ़ाकर उल्टे यूरिया का कट्टा 50 से 45 व 45 से 40 किलो का कर दिया गया है। दुर्भाग्य है भारत के देश के किसानों का जो की सरकार पूंजी पतियों को लाभ देती है। बजट में किसानों को कुछ नहीं मिला इससे किसानों को निराशा ही मिली है।

## व्यापारियों के लिए कुछ नहीं: मोनू टाटा

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला मार्केट शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने आम बजट में व्यापारियों के लिए कोई खास लाभ न होना बताया है। उन्होंने कहा कि आज बाजार का अधिकांश व्यापारी सरकार द्वारा ऑन लाइन कारोबार को बढ़ावा दिये जाने से लगातार आर्थिक समस्या से जूझ रहा है। मगर सरकार ने बाजार के व्यापारी व गरीब के लिए इस बजट में कोई खास छूट नहीं दी है।

## बजट निराशा जनक: अचल शर्मा

भारतीय किसान यूनियन भानु जनपद बिजनौर के युवा जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों को काफी उम्मीदें थी मगर बजट में किसानों को कुछ भी नहीं मिला है। बजट में खेती की लागत घटाने व किसान की आय बढ़ाने के लिए कुछ किया जाना चाहिए था मगर प्रधानमंत्री किसानों के विकास का नारा देते है मगर बजट में किसान के लिए कुछ नहीं दिया जाता।

## अमीरों के फायदा का बजट: अमजद सिद्दीकी

कांग्रेस कमेटी के नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने आम बजट को केवल जादुई आकड़ों का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य समस्याओं आम उपभोग की वस्तुओं गैस, पेट्रोल, डीज़ल, दाल, आटा, चावल आदि की महंगाई कम करने के लिए कुछ नहीं है। गरीब आदमी आज महंगाई व बेरोजगारी से परेशान है। यह बजट गरीबों का नहीं बल्कि अमीरों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है।

## परिचर्चा
## मोहित कर्णवाल

### बजट में शिक्षा के लिए काफी कुछ है: पंकज शर्मा



मंडावली/ नजीबाबाद (चिंगारी)। राजकीय इंटर कॉलेज भागूवाला के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा का बजट पर कहना है कि शिक्षा क्षेत्र में गत वर्ष से 6 प्रतिशत से अधिक धनराशि आवंटित की गई है। जिससे देश में नई शिक्षा नीति लागू करने जिसके अंतर्गत नई हाइटेक लैब, अटल टिंकरिंग लैब, तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास पर बल, वर्चुअल लैब के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा को शिक्षण में बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्कूलों का आधुनिकीकरण होगा व शिक्षा रोजगार उन्मुख हो सकेगी। हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाएंगे।

### भविष्य की तैयारी का बजट- सीमेंद्र प्रताप



ममता क्लीनिक मंडावली के डॉक्टर सीमेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि केंद्रीय बजट आम जनता के लिए राहत व भविष्य की तैयारी का बजट है। आयुष क्षेत्र में तीन नए आयुर्वेद संस्थान खुलने से बेहतर इलाज, शिक्षा व शोध को बढ़ावा मिलेगा। आयुष दवाओं की गुणवत्ता सुधारने से लोगों का भरोसा और सुरक्षा बढ़ेगी। कैंसर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटने से दवाएं सस्ती होंगी व इलाज का खर्च कम होगा।

### किसानों के लिए निराशाजनक पुनीत चौहान



भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) नजीबाबाद ब्लॉक उपाध्यक्ष पुनीत चौहान का कहना है कि बजट में किसान सम्मान निधि को बढ़ाना चाहिए था। लेकिन बजट में इसका कही नाम भी नहीं लिया गया। गन्ना मूल्य भी नहीं बढ़ाया गया। बजट में किसानों का ध्यान नहीं रखा गया है। किसानों के लिए असंतोष जनक बजट है।

### डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा: गणेश रावत



गणेश रावत का कहना है कि बजट में परिवहन व्यवस्थाओं के लिए काफी ध्यान दिया गया है। हाई स्पीड रेल, इलेक्ट्रिक बस आदि परिवहन सेवाएं बढ़ाए जाने से व्यापारी वर्ग को भी लाभ मिलेगा। शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के लिए बजट में धनराशि बढ़ाई गई है। जिससे नई हाईटेक डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। चिकित्सा के क्षेत्र में भी गंभीर बीमारी की दवाई सस्ती हुई है।

# नई उड़ान : 83 प्रमुख हिमालयी चोटियां पर्वतारोहियों के लिए खुलीं

**नैनीताल (चिंगारी)।** देवभूमि उत्तराखंड ने साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पर्वतारोहण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में बड़ा फैसला किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (टीडीबी) ने वन विभाग के समन्वय से गढ़वाल और कुमाऊं हिमालय क्षेत्र की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण अभियानों के लिए पूरी तरह खोल दिया है। यह निर्णय उत्तराखंड को वैश्विक पर्वतारोहण मानचित्र पर एक सशक्त और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा।



खोली गई चोटियों की ऊंचाई 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक है, जिनमें कामेट (7,756 मीटर), नंदा देवी ईस्ट, चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिवलिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली और नीलकंठ जैसी विश्व प्रसिद्ध और चुनौतीपूर्ण चोटियां शामिल हैं। ये शिखर न केवल तकनीकी कठिनाई और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि हिमालय की भव्यता के जीवंत प्रतीक भी माने जाते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हिमालय हमारी पहचान, हमारी विरासत और हमारी शक्ति है। 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोलना राज्य के साहसिक पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हमारा उद्देश्य है कि देश के युवा पर्वतारोहण जैसे साहसिक क्षेत्रों में आगे आएं, स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित विकास सुनिश्चित हो। राज्य सरकार सुरक्षित, जिम्मेदार और सतत पर्वतारोहण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026-27 में पहाड़ी राज्यों के पर्यटन को नई ऊंचाई देने वाली महत्वपूर्ण घोषणा की है। बजट में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में पर्यावरण-अनुकूल (इको-फ्रेंडली) माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने का ऐलान किया गया है। यह कदम भारत को विश्व स्तरीय ट्रेकिंग और हाइकिंग गंतव्य बनाने की दिशा में बड़ा प्रयास है, जो साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करेगा।

### भारतीय पर्वतारोहियों को बड़ी राहत

**अधिसूचित 83 चोटियों पर अब भारतीय पर्वतारोहियों को कोई अभियान शुल्क (पीक फीस, कैंपिंग फीस, पर्यावरण शुल्क आदि) नहीं देना होगा। पहले यह शुल्क भारतीय पर्वतारोहण संस्था (आईएमएफ) और वन विभाग द्वारा लिया जाता था, लेकिन अब राज्य सरकार स्वयं इसका वहन करेगी। इससे आर्थिक बाधाओं के कारण पीछे रह जाने वाले युवाओं को बड़ा अवसर मिलेगा।**

### विदेशी पर्वतारोहियों के लिए सरल व्यवस्था

**विदेशी पर्वतारोहियों पर पहले लगने वाले राज्य स्तरीय अतिरिक्त शुल्क को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब उन्हें केवल आईएमएफ द्वारा निर्धारित शुल्क ही देना होगा। इससे उत्तराखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपील बढ़ेगी और विदेशी अभियानों की संख्या में इजाफा होगा।**

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

**सभी पर्वतारोहण अभियानों के लिए आवेदन अब उत्तराखंड माउंटेनियरिंग परमिशन सिस्टम (यूकेएमपीएस) के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। यह प्रणाली पारदर्शी, तेज और पूरी तरह डिजिटल है, जिससे अनुमति प्रक्रिया में देरी नहीं होगी।**

# दुकान के नाम को लेकर उत्पन्न विवाद अब शांत

### फ्लैग मार्च और वाहनों की चैकिंग रहेगी जारी : एएसपी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के कोटद्वार शहर में एक समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा कपड़ों की दुकान को 'बाबा' नाम से संचालित किये जाने को लेकर बजरंग दल के विरोध के बाद उत्पन्न विवाद अब शांत हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के साथ बातचीत के बाद मामला शांत हो गया है। कहा कि कोटद्वार में सुरक्षा व्यवस्था और शांति कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च जारी रखा जाएगा। बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से लगी कौड़िया सीमा पर एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है जिससे बाहर से अवांछनीय तत्व प्रदेश में प्रवेश कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश न कर सकें।



कोटद्वार-बिजनौर की सीमा पर कौड़िया में वाहनों की चैकिंग करती पुलिस।

बताते चलें कि पटेल मार्ग स्थित बाबा नाम से संचालित की जा रही कपड़ों की दुकान का नाम बदलने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता दुकान मालिक मोहम्मद शोएब पर कुछ समय से दबाव डाल रहे थे। हालांकि तब दुकान मालिक ने अपनी दुकान नयी जगह पर स्थानांतरित करने के बाद नाम बदलने का भरोसा दिलाया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 10-15 दिन पहले दुकान को 30-40 मीटर दूर नयी जगह पर स्थानांतरित किये जाने के बाद बजरंग दल ने नाम को लेकर फिर विरोध जताया, जिस पर खुद को 'मोहम्मद दीपक' बताने वाले युवक से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की झड़प हो गई थी और माहौल तनावपूर्ण हो गया था।

### राहुल गांधी ने किया था 'मोहम्मद दीपक' का समर्थन

कोटद्वार में कपड़े की दुकान के नाम को लेकर शुरू हुआ विवाद अब स्थानीय स्तर से निकलकर राजनीतिक और प्रशासनिक चिंता का विषय बन गया था। हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस प्रकरण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए दीपक कुमार का समर्थन किया। उन्होंने दीपक को संविधान और मानवीय मूल्यों के पक्ष में खड़ा व्यक्ति बताते हुए कहा कि ऐसे लोग नफरत और भय के माहौल में उम्मीद की मिसाल हैं। अपने संदेश में उन्होंने आरोप लगाया कि देश में जानबूझकर सामाजिक और आर्थिक विभाजन को बढ़ावा दिया जा रहा है और उत्तराखंड में भी असामाजिक तत्वों को संरक्षण मिल रहा है।

# सीएम ने पत्रकार अनुपम त्रिवेदी की माता जी के निधन पर शोक जताया

**नैनीताल (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार अनुपम त्रिवेदी की माताजी गीता त्रिवेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री धामी ने टीएचडीसी देहराखास, पथरी बाग स्थित त्रिवेदी के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की और अपनी गहन संवेदनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी अनुपम त्रिवेदी के आवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं।



# 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान की अवधि 20 फ़रवरी तक बढ़ी

### सभी जिलों में फिर लगेंगे जनसेवा कैंप

**नैनीताल (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा जनसेवा को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन को जन-जन के और अधिक निकट लाने के उद्देश्य से संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान की अवधि को आगे बढ़ा दिया गया है।




मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह अभियान अब 20 फरवरी 2026 तक प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित किया जाएगा इससे पूर्व यह अभियान 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित था जिसे जनता की सकारात्मक प्रतिक्रिया और कैंपों में बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं सुझावों के प्रभावी निस्तारण को देखते हुए 20 दिनों के लिए विस्तारित किया गया है।

### अब तक हजारों लोगों को मिला सीधा लाभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जन-केन्द्रित सोच का परिणाम है कि 17 दिसंबर 2025 से प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे इन कैंपों के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर जनता को राहत दी जा रही है।

### छूटे हुए क्षेत्रों को भी किया जाएगा आच्छादित

मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में अब तक अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित नहीं हो पाए हैं, उन्हें भी विस्तारित अवधि में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि प्रदेश का कोई भी नागरिक इस जनसेवा अभियान से वंचित न रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बैंक में कुंबल लगाकर चोरी का प्रयास किया



राजा का ताजपुर (चिंगारी)। बीती रात स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में चोरों ने कुंबल लगाकर बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। चोरों ने सीसीटीवी कैमरों व सायरन की वायर तक काट दी, फिर भी शातिर चोर की हलचल एक कैमरे ने कैद कर ली। पुलिस जांच में जुटी हुई है। प्रात: बैंक के पीछे रोड साइड पर रखे खोकों की सफाई करते समय बैंक की दीवार में कुंबल लगा देख पुलिस को सूचना दी गई। बैंक में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौक़े पर थानाध्यक्ष नूरपुर, सीओ चांदपुर पहुंचे। बैंक स्टाफ को बुलाया गया। ताला खुलवाकर बैंक के रिकॉर्ड, लॉकर, स्ट्रांग रूम को चैक किया गया। सभी सीसी टीवी कैमरों, सायरन की वायर कटी हुई पाई गई। चोर के पैरों के निशान कुर्सियों पर देखे गये। एक कैमरे में मुंह पर कपड़ा बांधे हुये युवक इधर-उधर घूमता दिखाई दिया। पुलिस जांच में जुटी हुई है। शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि चोर ने प्रयास तो किया, लेकिन वह किसी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाया। हालांकि इस घटना ने स्थानीय पुलिस की रात्रि गश्त पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बैंक मैन रोड पर पुलिस चौकी से मात्र दो सौ कदम दूर है। पंद्रह साल पहले बस स्टेण्ड स्थित स्थानीय पीएनबी शाखा में दिनदहाड़े लूट हुई थी, जिसमें लापरवाही के चलते पुलिस चौकी स्टाफ को निलंबित किया गया था।

# सनातन संस्कृति में जातिभेद नहीं- प्रवीण
## स्योहारा में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



स्योहारा (चिंगारी)। सोमवार को नगर में विकास नगर कालोनी में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन संघ की शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर महेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी सहजानन्द जी महाराज के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम भी किए गये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रचारक प्रवीण ने कहा कि हम सभी को एक होकर रहना होगा। संघ का स्वयंसेवक सदैव भारत माता के लिए तैयार रहता है। जिला प्रचारक ने स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया। स्वामी सहजानन्द जी महाराज ने कहा कि हम जातियों में बंट रहे हैं, लेकिन हम हिंदू हैं ये भूल रहे हैं। सनातन संस्कृति में कोई जातिभेद नहीं है। भगवान श्रीराम के जीवन से सीखों कभी उन्होंने किसी से भेदभाव नहीं किया। विभाग प्रचारक क्रांति ने कहा कि संघ हमेशा ही राष्ट्र को समर्पित रहा है। संघ को बदनाम किया गया और गांधी का हत्यारा भी बताया, लेकिन जब अदालत ने कहा कि संघ नहीं नाथूराम हत्यारा है, तब वे लोग चुप हुए थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भोजन किया। इस दौरान सार्थक अग्रवाल, वैभव लस्तौगी, तुलाराम चंद्रा, डाक्टर अशोक राय, कपिल शर्मा, डाक्टर मोहित, अनिल कुशवाहा, सोवीर सिंह, चंचल शर्मा, अंचल चौधरी, रमा अग्रवाल, साधना अग्रवाल, प्राशू नैगी, रवि भटनागर,उत्कर्ष अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# शोभायात्रा में चले लाठी-डंडे, कई घायल

स्योहारा (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव कासमाबाद में बिना अनुमति लिए निकाली जा रही संत रविदास की शोभायात्रा में अखाड़ा खेलने को लेकर विवाद हो गया, जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें चार लोग घायल हो गये।

**बिना अनुमति लिये निकाली जा रही थी शोभायात्रा , 18 नामजद**

सोमवार की शाम को कासमाबाद में संत रविदास शोभायात्रा निकाली जा रही थी, जिसमें अखाड़ा खेलने के लिए नूरपुर के गांव पोटा से कलाकारों को बुलाया गया था। जैसे ही शोभायात्रा पूर्व प्रधान वीर सिंह के प्लाट पर पहुंची तो शराब पीकर अखड़ा खेलने को लेकर कलाकरों और गांव के कुछ लोगों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें चार लोग घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कई लोगों को हिरासत में लिया। घायल हुए अमित कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम पोटा थाना नूरपुर, विकास कुमार पुत्र धन सिंह, मनी पुत्र धन सिंह, जयप्रकाश सिंह, रामचंद्र सिंह निवासीगण कासमाबाद को अस्तपताल पहुंचाया और उपचार कराया। पुलिस ने लगभग 18 लोगों के नामजद मुकदमा दरोगा की तहरीर पर दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि बिना अनुमति लिए शोभायात्रा निकालने का प्रयास किया जा रहा था, जिसमें अखाड़े को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने शोभायात्रा को रूकवाया और मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करने में लगी है। चार लोगों के मामूली चोटें आयी थीं। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।


आवश्यकता है

मुस्लिम फण्ड गर्ल्स इण्टर कॉलेज, नहटौर

1- प्रधानाचार्या

स्थान-1 योग्यता:- M.A.+B.Ed.+ अनुभव 5 वर्ष (केवल महिला)

2- भौतिक विज्ञान व गणित

2 स्थान-1 योग्यता:- B.Sc./M.Sc+B.Ed. (केवल महिला)

अत: उक्त हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थी अपना हस्तलिखित प्रार्थना-पत्र अपने प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति सहित दिनांक 12.02.2026 तक कार्यालय में जमा करें।

मो.-8864990984

